
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 31 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-301 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 1 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## कवर्धा: शिक्षा विभाग में 2 अरब 18 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार, दो बाबू निलंबित

**कवर्धा,31 जनवरी।** कवर्धा जिले के शिक्षा विभाग में सामने आए कथित 2 अरब 18 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता के मामले ने प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए विभाग ने दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, जबकि जांच के दायरे में अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों के आने के भी संकेत मिल रहे हैं. विभागीय आदेश के अनुसार, तत्कालीन कार्यालय में पदस्थ वर्ग-2 कर्मचारी माया कसार और योगेंद्र कश्यप को निलंबन आदेश जारी किया गया है. दोनों कर्मचारियों पर शिक्षा विभाग से जुड़े वित्तीय लेन-देन, भुगतान प्रक्रिया और लेखा अभिलेखों में अनियमितता से संबंधित भूमिका होने का संदेह है. निलंबन की कार्रवाई जांच प्रभावित न हो, इस उद्देश्य से की गई कार्रवाई बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि यह प्रकरण शिक्षा विभाग में विभिन्न मदों में किए गए भुगतान और उनके समुचित लेखा-जोखा से जुड़ा हुआ है. प्रारंभिक जांच में दस्तावेजों के मिलान के दौरान बड़ी राशि के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं. इसी के आधार पर विभागीय स्तर पर विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं.

### वरिष्ठ अधिकारियों पर भी हो सकती है कार्रवाई

सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई केवल शुरुआत है और जांच आगे बढ़ने पर अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी जांच के घेरे में आ सकती है. हालांकि अब तक किसी वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन उच्च अधिकारियों को कारवाई के लिए पत्र लिखा गया है इससे विभागीय हलकों में हलचल तेज है.

### दो अरब 18 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता

इस मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और वित्तीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं. जिलेभर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि इतनी बड़ी कथित अनियमितता आखिर कैसे लंबे समय तक नजर अंदाज होती रही. फिलहाल सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि इस पूरे मामले में जिम्मेदारी किन-किन स्तरों पर तय की जाती है और आगे किस तरह की कार्रवाई होती है.

## सीएम साय का नक्सलियों से आत्मसमर्पण का आह्वान

### 31 मार्च तक हिंसा छोड़ें सरकार करेगी पुनर्वास

**नारायणपुर,31 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले से नक्सलियों से आह्वान करते हुए कहा कि आप हिंसा छोड़िए, गोलीबारी की भाषा से किसी का भला नहीं हुआ है, और ना होगा. विकास की मुख्यधारा से जुड़िए. आप लोगों के साथ सरकार अच्छा बर्ताव करेगी. दो दिवसीय प्रवास पर नारायणपुर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 की डेड लाइन घोषित की है. हम अच्छी पुनर्वास नीति लाए हैं, और उसका अच्छा परिणाम भी मिला. और अभी दो महीने का समय है. आत्मसमर्पण कर दें तो निश्चित रूप से सरकार उनकी चिंता करेगी.उन्होंने कहा कि एक समय में जो नक्सली इसी अबूझमाड़ हाफ मैराथन का विरोध करते थे, आज सरेंडर होने के बाद वह पार्टिसिपेट कर रहे हैं. बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. कितनी बड़ी उपलब्धि है सरकार की.







रायपुर। मरीन ड्राइव (तेलीबांधा तालाब) पर अब देना होगा पार्किंग शुल्क। मेयर श्रीमती मीनल चौबे ने व्यवस्था का आज जायजा लिया।

## खदान धंसने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत

**रुबाया,31 जनवरी।** पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में स्थित रुबाया कोल्टन खदान में हुए भीषण भूस्खलन ने पूरे इलाके को दहला दिया है. इस दर्दनाक हादसे में अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि की गई है.

स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना उस समय हुई जब सैकड़ों लोग खदान के भीतर काम कर रहे थे. प्रांत में विद्रोही समूह द्वारा नियुक्त गवर्नर के प्रवक्ता लुबुम्बा काम्बेरे मुइसा ने बताया कि भूस्खलन के समय खदान में मजदूरों के अलावा बच्चे और स्थानीय बाजार में काम करने वाली महिलाएं भी मौजूद थीं. उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को गंभीर हालत में मलबे से बाहर निकाला गया, जिनमें से करीब 20 घायलों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहा है. एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम तक मृतकों की संख्या कम से कम 227 तक पहुंच चुकी थी, हालांकि वास्तविक आंकड़ा इससे अधिक हो सकता है. राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन लगातार बारिश और अस्थिर जमीन के कारण अभियान में भारी मुश्किलें आ रही हैं.



प्रशासन ने इस हादसे के लिए बारिश के मौसम में कमजोर हो चुकी जमीन को जिम्मेदार ठहराया है. स्थानीय लोग वर्षों से बेहद खतरनाक हालात में, हाथों से खुदाई कर रोजाना कुछ डॉलर कमाने के लिए इस खदान में काम करते हैं. सुरक्षा मानकों की कमी और अवैध खनन लंबे समय से इस क्षेत्र की बड़ी समस्या रही है. रुबाया खदान वैश्विक स्तर पर बेहद अहम मानी जाती है. यहां से दुनिया के करीब 15 प्रतिशत कोल्टन का उत्पादन होता है. कोल्टन से टैंटलम नामक धातु निकाली जाती है, जिसका इस्तेमाल मोबाइल फोन, कंप्यूटर, एयरोस्पेस उपकरण और गैस टर्बाइन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में होता है. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2024 से यह खदान AFC/M23 विद्रोही समूह के नियंत्रण में है. यूएन का आरोप है कि विद्रोही इस खदान की संपदा का इस्तेमाल अपने सशस्त्र अभियान को वित्तपोषित करने के लिए कर रहे हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस गतिविधि को पड़ोसी देश रवांडा का समर्थन प्राप्त है, हालांकि किगाली सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है.

## मुसलमानों को गाली देने से हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा; धीरेंद्र शास्त्री

**बांदा,31 जनवरी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बांदा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में हिंदू समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को गाली देने या किसी दूसरे समुदाय को निशाना बनाने से भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बन सकता। अपने संबोधन में शास्त्री ने कहा कि पहले हिंदुओं को अपनी कुरीतियों और आंतरिक खामियों को सुधारने की जरूरत है। तभी समाज में शांति, एकता और सौहार्द स्थापित हो सकता है। दिव्य हनुमंत कथा के दस दिन बाद एक बार फिर से धीरेंद्र शास्त्री शुक्रवार को बांदा पहुंचे। वह खुरहंड स्टेशन स्थित सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास पर आयोजित सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हिंदू मेरी एक बात नोट कर लें, मुसलमानों को गालियां देकर हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा। हिंदुओं को अपनी कुरितियां सुधारी पड़ेंगी, तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। जो हमारे सनातन में कमियां है उसे दूर करेंगे तभी बनेगा और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का एक ही उपाय है। वह है, जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।' बागेश्वरधाम ने कहा कि उनके यहां तो तीन बार हूं.. हूं.. और तलाक, हमारे यहां तो



जब तक 20 से 25 बार पेशी न हो जाए तब तक तलाक नहीं होता है। उनमें कोई बुराई नहीं है। अच्छी बात है कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे।धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमारा काम है दर पर जाना, उनका काम है बिगड़ी बनाना और परमात्मा का काम है सब कुछ संभालना। एक बात याद रखना, अगर तुम भगवान पर भरोसा रखोगे तो वह तुम्हारा भरोसा कभी टूटने नहीं देगा।

## ईरान की ओर बढ़ रहे जंगी युद्धपोत

**वाशिंगटन,31 जनवरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि एक 'मैसिव अर्माडा' (बड़ा नौसैनिक बेड़ा) ईरान की ओर जा रहा है, जो वेनेजुएला ऑपरेशन से भी बड़ा है। ट्रंप चाहते हैं कि ईरान न्यूक्लियर डील पर बात करे, वरना हमला हो सकता है। ईरान ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अपनी शर्तों पर. अगर हमला हुआ तो बचाव करेगा. अरब देशों ने संयम बरतने की अपील की है, क्योंकि इससे बड़ा युद्ध फैल सकता है. 28 जनवरी 2026 को ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि 'एक मैसिव अर्माडा ईरान की ओर जा रहा है.' उन्होंने ईरान से कहा कि न्यूक्लियर डील कर लो, वरना समय खत्म हो रहा है. हमला 'स्पीड और वायलेंस' से होगा. ट्रंप ने इसे वेनेजुएला ऑपरेशन से बड़ा बताया. उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु संवर्धन बंद करना होगा. बैलिस्टिक मिसाइलें सीमित करनी होंगी. हमास, हिजबुल्लाह, हूती जैसे ग्रुप्स को सपोर्ट बंद करना होगा. ट्रंप ने पिछले साल जून 2025 में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमले का जिक्र किया और कहा कि अगला हमला और बुरा होगा.

## रेल फाटक तोड़कर ट्रैक के बीच घुसा कोयले से लदा ट्रेलर

**रायगढ़,31 जनवरी।** मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन के पास बीती रात एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया. नहरपाली रेल फाटक पर एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रेलर ने बंद फाटक के लीवर क्रॉसिंग को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि लीवर पूरी तरह टूट गया और ट्रेलर का अगला हिस्सा सीधा रेलवे ट्रैक के बीचों-बीच जा फंसा. ट्रेलर के ट्रैक पर फंसे होने के कारण मुंबई-हावड़ा और हावड़ा-मुंबई रूट का रेल यातायात पूरी तरह ठप हो गया. साथ ही दुर्घटना का असर सुबह की ट्रेनों पर भी पड़ा. जानकारी के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे की है. हादसे के तुरंत बाद रेलवे का इमरजेंसी सायरन बजने लगा, जिससे रायगढ़ स्टेशन और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया. गनीमत यह रही कि रेलवे के सिग्नल सिस्टम और सतर्क कर्मचारियों की वजह से समय रहते जानकारी मिल गई, जिससे पटरी पर आ रही ट्रेनों को रोका जा सका और एक भीषण ट्रेन दुर्घटना टल गई. हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया है. सुबह होते ही रेस्क्यू टीम ने क्रेन की मदद से कोयला लदे ट्रेलर को ट्रैक से हटाकर पटरी को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया. इस मामले में RPF ने जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश जारी है. बिलासपुर से रेलवे के उच्च अधिकारियों की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है. रेल विभाग ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं.

## मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे, तीन रेलवे लाइनें बाधित



**मनेन्द्रगढ़,31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ से रेलवे से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. शनिवार को दर्रीटोला से टाइगर हिल्स जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बा रेल ट्रैक पर ही अचानक पलट गए. घटना के बाद रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है. घटना नागपुर चौकी अंतर्गत की है. जानकारी के मुताबिक, रेलवे की तीन लाइनें अवरुद्ध हो गई है. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और संबंधित विभाग मौके पर पहुंच गए हैं. तकनीकी टीम द्वारा डिब्बों को हटाने और ट्रैक बहाल करने का कार्य किया जा रहा है. फिलहाल हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

## नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई अब अंतिम दौर में

**रायपुर,31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में दंडकारण्य के सघन जंगलों से लेकर नक्सलवाद से प्रभावित रहे अन्य राज्यों तक नक्सलवाद की उलटी गिनती अब आखिरी दौर में पहुंच चुकी है। 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प की घड़ी सामने है और सुरक्षा बल खुफिया सूचनाओं पर आधारित निर्णायक अभियानों के अंतिम चरण में उतर चुके हैं। लक्ष्य साफ है नक्सली संगठन की शीर्ष कमान के बचे हुए चार बड़े चेहरे और उनके साथ बचे सीमित सशस्त्र दस्ते को खत्म करना। अब जंगलों में छिपने की जगह सिमटती जा रही है और घेरा कसता जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के अनुसार, अब नक्सली संगठन के पास लगभग तीन सौ से साढ़े तीन सौ नियमित वर्दीधारी माओवादी ही शेष बचे हैं। इनमें से दो सौ से ढाई सौ छत्तीसगढ़ में हैं जबकि तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र में यह संख्या दस से बीस के छोटे छोटे समूहों तक सिमट चुकी है। बस्तर क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन लोगों के सामने अब केवल दो रास्ते हैं या तो हिंसा का रास्ता छोड़ कर आत्मसमर्पण करें या फिर सुरक्षा बलों से सीधी मुठभेड़ झेलें। हम आपको बता दें कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के इलाके हों या झारखंड के सीमित वन क्षेत्र हों या फिर छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और तेलंगाना की अंतरराज्यीय सीमाएं हों, हर जगह निगरानी और दबाव अभूतपूर्व स्तर पर है।

बताया जा रहा है कि नक्सली संगठन की शीर्ष संरचना भी लगभग चरमरा चुकी है। केवल चार पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के सदस्य ही बचे हैं जिनमें से दो के सक्रिय होने की पुष्टि भी नहीं है। थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी व्यावहारिक रूप से संगठन का पहला चेहरा माना जा रहा है लेकिन वह भी भीतर से कमजोर पड़ चुका है। पूर्व महासचिव मुप्पाला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उम्र और बीमारी से जूझ रहा है। पूर्वी क्षेत्र की कमान संभाल रहा मिसिर बेसरा झारखंड के सारंडा जंगलों में सक्रिय बताया जाता है लेकिन उसके सबसे करीबी सहयोगी



पाटीराम मांझी उर्फ अनल दा के हाल में मारे जाने से वहां भी संगठन की कमर टूट चुकी है। ओडिशा में जिम्मेदारी संभाल रहा मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम लंबे समय से किसी सक्रिय अभियान में शामिल नहीं दिखा है।

देखा जाये तो बीते एक वर्ष में सुरक्षा बलों ने जो प्रहार किया है वह नक्सलवाद के इतिहास में अभूतपूर्व है। 1 जनवरी 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच केंद्रीय समिति के दर्जन भर सदस्य मारे गए और पांच ने आत्मसमर्पण किया। छत्तीसगढ़ में ही 698 हथियार और 915 विस्फोटक बरामद हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि नक्सली संगठन अब एक हांफती हुई ताकत बन चुका है जिसे जीवन रक्षक सहारे पर रखा गया है।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का हालांकि यह भी कहना है कि नक्सलवाद के अंत का मतलब यह होगा कि राज्यों में फैला संगठित और कैडर आधारित नेटवर्क पूरी तरह टूट चुका होगा और शेष घटनाएं स्थानीय स्तर पर ही निपटा दी जाएंगी। यह वही स्थिति है जिसकी ओर देश तेजी से बढ़ रहा है। देखा जाये तो नक्सलवाद के खिलाफ यह निर्णायक मोड़ केवल बंदूक और बूट की कहानी नहीं है बल्कि यह दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, स्पष्ट रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर दबाव का परिणाम है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जो बहुस्तरीय रणनीति अपनाई गई, उसने दशकों से फैले इस हिंसक जाल को एक एक कर काट डाला। खुफिया तंत्र का सशक्तिकरण, राज्यों के बीच समन्वय, विकास और सुरक्षा का समानांतर विस्तार और आत्मसमर्पण की मानवीय नीति, यह सब मिलकर वह प्रहार बने जिसने नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ दी।

### 31 मार्च की डेडलाइन बड़ी संख्या में नक्सली कर रहे समर्पण

साथ ही अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में समय सीमा तय की और उसे पूरा करने के लिए हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की। सुरक्षा बलों को खुली छूट और आधुनिक साधन मिले तो वहीं स्थानीय प्रशासन को विकास योजनाओं के साथ आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया। सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य के विस्तार ने नक्सलियों के झूठे प्रचार की जमीन छीन ली। जंगलों में रहने वाले आदिवासी समाज ने जब देखा कि राज्य उनके साथ खड़ा है तब नक्सली विचारधारा अपने आप खोखली पड़ने लगी।

साथ ही सुरक्षा बलों का साहस, अनुशासन और बलिदान इस अभियान की आत्मा रहा है। कठिन भूगोल, मौसम और लगातार खतरे के बीच जवानों ने जिस धैर्य और पेशेवर कुशलता से काम किया उसने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अपनी आंतरिक सुरक्षा को लेकर कितना सक्षम और संकल्पित है। हर मुठभेड़, हर बरामदगी और हर आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि अब यह लड़ाई अंतिम चरण में है।

# गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मितानिनों की अहम भूमिका : विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,31 जनवरी।** कबीरधाम जिले के बोड़ला में आयोजित स्वस्थ पंचायत जन संवाद सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि मितानिनें निस्वार्थ भाव से पूरे गांव को परिवार मानकर उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहती हैं। उनके प्रयासों से हर पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यापक पहुंच सुनिश्चित होती है। महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा में उनका बड़ा योगदान होता है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसके तहत विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। आने वाले वर्षों में विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख पंच और 11 हजार से अधिक सरपंच चुने गए हैं। जनपद पंचायत सदस्यों सहित इन सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों में लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है इस अवसर पर श्री नितेश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष श्री नन्द श्रीवास, जिला पंचायत सभापति डॉ वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री रूपसिंह धुर्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, सभापति मनीराम साहू, श्री मोहन धुर्वे, श्री बरसाती राम, श्री कांशीराम उइके, कार्यक्रम प्रबंधक सत्यप्रकाश साहू उपस्थित रहे।

# टैक्स जमा करने में 5 साल से टालमटोल करने वालों पर गिरेगी गाज

**रिसाली,31 जनवरी।** नगर निगम रिसाली ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर ऐसे करदाताओं की सूची तैयार की गई है, जो बीते कई वर्षों से टैक्स भुगतान में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। निगम द्वारा पहले चरण में बकायादारों के घरों में लगे नल कनेक्शन विच्छेद किए जाएंगे। इसके बाद भी यदि टैक्स की राशि जमा नहीं की गई तो संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। संपत्ति कर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि निगम की ओर से ऐसे 19 बकायेदारों की पहली सूची तैयार की गई है, जो निगम की सभी सुविधाएं लेने के बावजूद टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि धारा 173 के तहत टैक्स जमा करने नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं करने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई होगी तथा धारा 174 के अंतर्गत कुर्की नोटिस जारी कर संपत्ति जब्ती की जाएगी। निगम ने बकायेदारों को सात दिन के भीतर टैक्स जमा करने का अंतिम अवसर दिया है। इनमें प्रमुख रूप से - मांगरी देवी, बुनिया देवी, प्रदीप, अखिलेश यादव, शमीम अहमद, नवीन सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, राम ध्रुव विश्वकर्मा, ओंकार कश्यप, नवीन सिंह, आर्यावर्त, वीणा विद्या निकेतन, मोतीलाल ब्रदर्स सहित अन्य शामिल हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा में टैक्स जमा नहीं करने पर किसी को भी राहत नहीं दी जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### भागवत कथा का आयोजन



**उतई, 31 जनवरी (तछसं.)।** धनोरा दुर्ग में हर साल माघी मेला का आयोजन 67 वर्ष से होते चले आरहे है एवं हर वर्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है इस वर्ष कथा वाचक श्री मुरली धर गुढ़ियारी रायपुर वाले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य जजमान श्री वासुदेव सपरे श्रीमती संगीता सपरे उपसरपंच एवं चुमन साहू श्रीमती लता साहू रहे शुक्रवार शाम को भागवत भगवान् का शोभा यात्रा गली भ्रमण किया गया जिसमें हेमंत साहू एवं गुलाब साहू के भंजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन करते हुए साथ साथ चलते रहे आगे शनिवार को हवन पुजन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें गावं के गणमान्य नागरिक लोग हवन डाले आगे मंदिर समिति के श्री मनसुखा साहू जी ने बताया कि 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा मेला मंड ई का आयोजन एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच जय छत्तीसगढ़ महतारी नाच पार्टी कुम्हारी चंम्पारण वाले का एवं कार्यक्रम मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से भोजन भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष रोहित झब्बू साहू जी एवं मनसुखा साहू जी ने दी।

### शहीदों के सम्मान में निगम में दी गयी मौन श्रद्धांजलि



**भिलाई, 31 जनवरी।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को नगर निगम के मुख्य कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन धारण के माध्यम से उपस्थित जनों ने शहीदों के त्याग, समर्पण और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### सबके लिए आवास मिशन योजना का शुभारंभ



**भिलाई, 31 जनवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत सबके लिए आवास मिशन का शुभारंभ आगामी पांच वर्षों के लिए किया गया है। इस योजना के तहत आबादी भूमि में निवासरत पात्र हितग्राहियों का सर्वे किया जा रहा है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों के लिए कुछ आवश्यक पात्रता शर्तें निर्धारित की गई हैं। इसके अंतर्गत हितग्राही का 31 अगस्त 2024 के पूर्व नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत होना अनिवार्य है। साथ ही हितग्राही के परिवार (पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे) की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### नगर निगम से अधीक्षण अभियंता हुए सेवानिवृत्त



**भिलाई, 31 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी के 62 वर्ष की अवधि पूर्ण एवं सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, उप अभियंता दीपक जोशी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में श्रीफल और पुष्प् गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### एएचपी घटक के हितग्राहियों को आवंटित किया गया आवास



**भिलाई, 31 जनवरी।** नगर निगम सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी का आायोजन किया गया। सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त डी. के. कोसरिया, पार्षद हरिओम तिवारी एवं आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन की उपस्थिति में 34 हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया है। निगम क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पक्का मकान पुरे भारत में नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराने की योजना चलाया जा रहा है। कुल 34 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आवंटित किया गया है। लाटरी के दौरान सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी मोहन राव, नूतन साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**भिलाई, 31 जनवरी।** राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण को लेकर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के प्रशिक्षकों के साथ पैरेंटिंग एक्सपर्ट चिरंजीव जैन ने विशेष चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान चिरंजीव जैन ने बच्चों के मानसिक विकास, सकारात्मक पालन-पोषण, भावनात्मक सहयोग तथा व्यवहार संबंधी समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**भिलाई,31 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 4, लक्ष्मी पारा जामुल निवासी भोजनाराय निषाद ( 36 साल ) फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था मृतक के पास से पुलिस को सुसाइडल नोट भी मिला है जिस में घरेलू हिंसा का शिकार बताया है आरोप लगाया है कि पत्नी से तंग आकर घटना को अंजाम दे रहा है फिलहाल जामुल थाने पुलिस कर रही है जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नशे की दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई,31 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मोहन नगर थाने पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास एक युवक को नशे की दवा बेचने की सूचना मिली मौके पर पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर शक्ति नगर दुर्ग निवासी नितेश यादव अपना नाम बताया है तलाशी लेने पर आरोपी नितेश के जेब से नशीली प्रतिबंधित टैबलेट अल्फाजोलम के कुल 13 पैकेट जब्त किया जिस में 195 टेबलेट कीमत 78 हजार और बिक्री रकम 500 बरामद हुआ घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है ।

### प्राणघातक हमला करने के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई,31 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई प्राणघातक हमला करने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मिलपारा डिपरापारा दुर्ग निवासी गैदी बंजारे ने शिकायत किया कि पारिवारिक विवाद के बाद अपनी बहन घर पर रहती थी रात पति दुर्गा बंजारे, भांजा धनराज, पीड़ित के बहन के घर पहुंचा गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी दुर्गा बंजारे गला दबाया बीच-बचाव करने पहुंचे भांजा धनराज को आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया पुलिस टीम ने आरोपी दुर्गा बंजारे मिलपारा डिपरापारा दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया आरोपी ने स्वीकार किया घटना को उसी ने अंजाम दिया है पुलिस ने आरोपी से कटर जब्त किया है।

### बैंक खाते में अवैध रकम ट्रांसफर करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई,31 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई बैंक खाते में अवैध रकम ट्रांसफर होने की शिकायत होने पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के द्वारा म्यूल खाता के नंबर को लेकर जेना स्माल फायनेंस बैक सुपेला की जानकारी पुलिस को हुई खाता धारक वैशाली नगर निवासी मोहम्मद गुलाम अंसारी ने जेना स्माल फायनेंस बैक सुपेला में खाता खुलवाकर ऑन लाईन ठगी की रकम ट्रांसफर करवाता था। 16 अक्टूबर 2024 से अवैध रूप से धन अर्जित कर 12.78 लाख रुपए के ऑनलाइन ठगी की रकम को खाता में जमा कराया।

### श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह करगा में 2 फरवरी से

**अंवरी,31 जनवरी।** ग्राम करगा में श्री मद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन 2 फरवरी से 10 फरवरी तक किया जा रहा है जिसमें कथा वाचक पं. कुमेश शर्मा होगे 2 फरवरी दिन सोमवार कलश यात्रा एवं गौकर्ण कथा 3 फरवरी दिन मंगलवार कथा प्रारंभ 4 फरवरी दिन बुधवार को ध्रुव चरित्र 5 फरवरी गुरुवार प्रहलाद चरित्र, 6 फरवरी दिन शुक्रवार श्री राम कथा एवं कृष्ण जन्म 7 फरवरी शनिवार श्री कृष्ण बाल लीला एवं रुखमणि विवाह 8 फरवरी दिन रविवार सुदामा चरित्र 9 फरवरी दिन सोमवार परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोत्रि 10 फरवरी दिन मंगलवार गीता पाठ, पूर्णहुति होगा।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,31 जनवरी।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज दिनांक तीस जनवरी को कबीरधाम जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति के पक्ष में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जनसामान्य से नशा न करने का संकल्प लिया गया तथा शपथ-पत्रों पर हस्ताक्षर कराकर व्यसन मुक्ति हेतु सकारात्मक एवं जागरूक वातावरण निर्मित किया गया। इस कार्यक्रम के तारतम्य में जिले के समस्त जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं शासकीय विद्यालयों में नशा मुक्ति विषयक रैलियों का आयोजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाना, युवाओं एवं आम नागरिकों को नशा के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा एक स्वस्थ, सशक्त एवं नशा-मुक्त समाज की स्थापना हेतु जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, समाजसेवी संगठन, मितानिन बहनें एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आज कबीरधाम जिले में *कुल 43 जनपद /नगरीय /विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्त सभी कार्यक्रमों की जानकारी एवं संबंधित गतिविधियों को हस्क्र एप्लीकेशन में सफलतापूर्वक अपलोड कर दिया गया है। समाज कल्याण विभाग उप संचालक अभिलाषा पंडा ने सभी युवाओं से नशा मुक्ति की विनम्र अपील करते हुए नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया । कबीरधाम जिले में समाज कल्याण निरंतर नशा मुक्त अभियान के प्रति विभिन्न कार्यक्रम जागरूकता अभियान करती है जिसकी तारीफ जनमानस में होती हुई दिखती है ।

# 1 फरवरी को रामायण ग्रंथ शोभायात्रा का आयोजन: खेमिन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,31 जनवरी।** सनातनियों की धरती स्वतंत्रता संग्राम की पावन भूमि सेलूद में रोज सुबह सुबह गांव के महिला पुरुष गाजे बाजे के साथ रामधुन में प्राभातफेरी करके पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय करते है द्य इसी तारतम्य में मानस गान प्रतियोगिता के पुनीत अवसर पर रामटोली के द्वारा रामचरित मानस ग्रंथ की विशाल शोभायात्रा का आयोजन गाँव की माता बहनों के द्वारा किया जाएगा ।

ग्रामीण जन सुबह पांच बजे कर्मा भवन में एकत्रित होकर विभिन्न गलियों में घूमघूम कर रामरसधारा बहाने का पुनीत काम करते है द्य सेलूद की धरती सनातनियों से भरा है द्य ग्रामीण जन धर्म के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के आयोजन करते आ रहे है द्य एकत्तीसवा वर्ष के मानस गान प्रतियोगिता के आयोजन इस बात का प्रमाण है कि सेलूद धर्म नगरी है जहां पर विभिन्न धर्म के मानने वाले लोग एक साथ भाईचारा की भावना से आयोजन में भाग लेते है । दिनांक 1 फरवरी को शोभायात्रा रामायण स्थल से 11 बजे प्रारम्भ होगी जो गांव के भ्रमन करते हुए वापस रामायण स्थल पर समाप्त होगी द्य उक्त शोभायात्रा को आयोजित करने वाले रामटोली के संरक्षक और सदस्य के रूप में गांव के श्रीमति खेमिन साहू पूर्व सरपंच, रमेश देवांगन, खेमलाल साहू, सुरेंद्र बंछोर ग्राम प्रमुख, कृष्ण कुमार, अशोक यादव, टामन लाल साहू सोसायटी अध्यक्ष, कौशल बनपेला, अमरचंद साहू, नंद कुमार तिवारी, महेश्वर बनछोर, अनिल बनपेला, टी पी शर्मा, दिनेश बरहरे, रोमन दास वैष्णव, लक्ष्मण वर्मा, सीताराम यादव, अशोक यादव, लोकनाथ साहू, उमेश सिन्हा, घनश्याम कश्यप, प्रकाश साहू, ठाकुर राम साहू, नरसिंग देवांगन, नरोत्तम साहू, कृष्ना साहू, नरेश साहू, गेंदलाल बनछोर, जयन्त साहू, ललिता वर्मा, पीताम्बरी साहू, ललिता बनपेला, धरनी जैन, सुनीता ठाकुर, राजेश्वरी साहू, योगेश्वरी साहू, सुभद्रा साहू, कुमारी कश्यप, भोज साहू, शैल साहू, गोदावरी साहू, अनिता देवांगन, आशा वर्मा, रूखमणी सेन, मीना कश्यप सहित सैकड़ों लोगों के मूल्य बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हो रहा हैं ।

### जिले में धान खरीदी का महाभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**राजनांदगांव 31 जनवरी ।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन और शासन के किसान हितैषी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य निर्विवाद और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग और सुदृढ़ व्यवस्था के फलस्वरूप पात्र किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जिले में 15 नवंबर 2025 से शुरू होकर 30 जनवरी 2026 तक चले इस उपार्जन अभियान में कुल 124095 किसानों ने अपना धान विक्रय किया। इस दौरान कुल 6253504 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

# यूजीसी 2026 कानून के विरोध में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन




**भिलाई, 31 जनवरी।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने एवं प्रस्तावित यूजीसी 2026 कानून को वापस लेने की मांग को लेकर आज 30 जनवरी को जिला प्रशासन कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, यूथ विंग, महिला प्रकोष्ठ के सदस्य एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रस्तावित यूजीसी कानून से समाज में जातिगत भेदभाव की भावना को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित होगी। उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस कानून पर रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय समाज को विभाजित होने से बचाने वाला है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभुनाथ मिश्रा एवं शशिकांत तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार को यह कानून बिना विलंब वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून से शिक्षा जगत में जाति आधारित मतभेद उत्पन्न होंगे, जिससे देश में अशांति, अराजकता और वर्ग संघर्ष की स्थिति बन सकती है।



### विद्युत कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

**भिलाई, 3 जनवरी।** स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के क्षेत्रीय मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, ईसीजीआरएफ के अध्यक्ष पी.वी.सजीव, उप महा प्रबंधक वाय कोसरिया, अधीक्षण अभियंता आर.के.मिश्रा, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी दीपक कुमार डुम्भरे, कार्यपालन अभियंता श्रीमती ममता कश्यप सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

### सिलौटी में कोदोरास मंदिर के प्रांगण विशाल मांगी पुन्नी मेला 1 को

**अंवरी, 1 फरवरी ।** दिन रविवार को भव्य एवं विशाल मांगी पुन्नी मेला ग्राम सिलौटी में कोदोरास मंदिर के प्रांगण में होना है । जिसमें उस क्षेत्र के हजारों लोग सम्मिलित होंगे छत्तीसगढ़ के पवित्र तीर्थ स्थल में से एक कोदोरास अन्नपूर्णा धाम जिला मुख्यालय धमतरी से 25 किलोमीटर दूर पवित्र नदी खारून के तट पर ग्राम सिलौटी में स्थित है स्थानीय पूर्वजों के कथन अनुसार गांव में बहुत अधिक प्राकृतिक प्रकोप जैसे बाढ़ अकाल सुखा होता था।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार



पाटन,31 जनवरी। राज्यपाल रमेन डेका ने ब्रेल पुस्तक दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी - छत्तीसगढ़ के वीर तथा वर्ल्ड ऑडियो बुक्स का विमोचन किया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई 3100 से अधिक ऑडियो बुक्स का भी शुभारंभ किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी पहल का सशक्त उदाहरण है। इन ऑडियो बुक्स में दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी के प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार द्वारा कक्षा सातवीं की हिंदी छत्तीसगढ़ी भारती पाठ्यपुस्तक सहित 100 से अधिक ऑडियो बुक्स का निर्माण किया गया है। राज्यपाल ने इस नवप्रवर्तन एवं मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ब्रेल एवं ऑडियो बुक्स के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोले गए हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अभियान की प्रेरणा शिक्षिका सुश्री के. शारदा को वर्ष 2024 में राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने के बाद मिली। उन्होंने दृष्टिबाधित बच्चों की आवश्यकता को समझते हुए 25 अक्टूबर 2024 से इस अभियान की शुरुआत की और स्वयं 800 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार कीं।

### आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा का रेलवे स्टेशन दौरा, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**भिलाई, 31 जनवरी।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की महानिदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा बृहस्पतिवार की शाम दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचीं। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उनका स्वागत दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य एवं एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा किया गया। महानिदेशक के साथ महानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर भी उपस्थित थे। महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने आईजी एवं एसएसपी के साथ सुरक्षा से संबंधित बैठक ली। बैठक में रेल यात्रियों की सुरक्षा, रेल संपत्ति की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण तथा रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस एवं स्थानीय पुलिस के बीच समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस दुर्ग एवं शासकीय रेल पुलिस दुर्ग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### शहीदों की स्मृति में मौन धारण कर दी गई श्रद्धांजलि



**बलौदाबाजार 31 जनवरी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों क़ी आहुति देने वाले शहीदों क़ी स्मृति में 30 जनवरी 2026 क़ो पूर्वान्ह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारी -कर्मचारियों ने दो मिनट क़ा मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर दीपक सोनी सहित अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर क़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति संकल्प हेतु उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों क़ो शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत अधिकारी कर्मचारियों नें हस्ताक्षर किया।इसके साथ ही जिले के अन्य सभी कार्यालययों में भी मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक



**बलौदाबाजार, 31 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक ली। उन्होंने जिले में औद्योगिकीकरण की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उद्योगो को प्रोत्साहित करने अवश्यक समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि आने वाले 5 वर्षो में जिले में औद्योगिक इकाइयों के बढ़ने की सम्भावना है जिसके लिये लैंड बैंक चिह्नकित कर सुरक्षित रखें। पोहा मिलो को प्रोत्साहित करने के लिये नफे़ड से टाईअप करने कि दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा विभिन्न वेरायटी के पोहा उत्पादन हो रहे है। अलग -अलग पोहा के गुणवत्ता व पोषक तत्वो की विस्तृत जानकारी से समबंधित ब्रोशर तैयार किये जाएं जिससे मार्केटिंग ठीक से हो। उन्होंने मिलो में बार -बार अलग -अलग विभागों द्वारा जांच से होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिये सभी विभागों द्वारा संयुक्त रूप से जांच करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा मानक एवं अन्य सुविधाओं का का विशेष ध्यान रखना होग़ा। इस दौरान चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एवं मिलर्स के द्वारा सुझाव एवं मांगे रखी गई जिसमें निर्यात को गति देने के लिये जिले में ड्राई पोर्ट एवं कस्टम विभाग के कार्यालय खोलने की मांग की गई। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार गुनेश्वरी साहु सहित चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एवं पोहा मिल एसोसिएशन के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 1 फरवरी को

**राजनांदगांव 31 जनवरी।** उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि 01 फरवरी 2026, दिन रविवार को प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन केन्द्रीय गॉड महासभा, धमधागढ़ जिला महिला ईकाई दुर्ग एवं गोंडवाना महिला मित्र समिति दुर्ग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आप सभी सगाजन उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनायें। प्रत्येक मुड़ादार अपने मुड़ा से अधिक से अधिक संख्या में युवक-युवती की जानकारी एवं फार्म भरकर लावें।

# जिले की उपलब्धि में जुडी एक और कड़ी,पीएम आवास निर्माण में बलौदाबाजार राज्य में अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 31 जनवरी।** बलौदाबाजार- भाटापारा जिले की उपलब्धियों की फेहरिश्त में एक और कामयाबी शुमार हो गया है।जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में बलौदाबाजार -भाटापारा जिला पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले ने न केवल आवासों की स्वीकृति में तेजी दिखाई है, बल्कि धरातल पर निर्माण कार्य शुरू करने में भी रिकॉर्ड कायम किया है।वर्ष 2025-26 में कुल 26843 आवास स्वीकृत किया है जिसमें



24,313 अवसों का प्रथम किश्त जारी, 20480 आवास का निर्माण प्रारम्भ हो गया है और 15120 आवास प्लिंथ स्तर तक पूर्ण हो गया है। सर्वाधिक प्लिंथ निर्माण - जिले में 15,120 आवासों का प्लिंथ स्तर तक का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो राज्य के किसी भी जिले की तुलना में सर्वाधिक है।26439 आवासो का एफ्टीओ किया जा चुका है जिसमे से 24,313 हितग्राहियों के खातों में पहली किश्त का सफ्लतापूर्वक हस्तांतरण किया जा चुका है।कुल स्वीकृत आवासों में से 20,480 मकानों पर काम शुरू हो जाना एवं 139 आवास पूर्ण प्रशासन की मुस्तैदी और ग्रामीणों के उत्साह को दिखाता है।पीएम जनमन योजना अंतर्गत भी जिला में प्राथमिकता से कार्य कराके 25 पात्र हितग्राहियो का आवास स्वीकृती कर सभी का शतप्रतिशत आवास पूर्ण करा लिया गया है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण -जिले को जल संचयन में देश मे द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ है जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियो का विशेष योगदान रहा है। आवास योजनान्तर्गत पूर्ण आवासो में 15260 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण कराया गया है। इस उपलब्धि से जिले के हजारों परिवारों का अपने पक्के घर का सपना अब हकीकत में बदल रहा है। यह न केवल ग्रामीण विकास को गति दे रहा है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा कर रहा है।

### कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को बांटे सहायक उपकरण

**बलौदाबाजार, 31 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को दिव्यांगजन को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 5 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम धौराभाठा के राजन धीवर एवं सेम्हराडीह के जनीराम गिरी को हस्त चलित ट्रायसायकल, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम अहमदपुर लक्ष्यदीप बंजारे एवं सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत कचलोन के रुद्रकुमार चेलक को श्रवण यंत्र एवं नगर पालिका बलौदाबाजार निवासी रुखमणी साहू को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनको रोजमर्रा के कार्यों एवं बाहर आने -जाने में आसानी होगी।

# नियद नेल्लानार योजना से बस्तर के 400 से अधिक गांव हुए आबाद : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 31 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बस्तर के नारायणपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर जिलावासियों को अनेक सौगातें दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हाई स्कूल मैदान में आयोजित बस्तर पण्डुम के जिला स्तरीय कार्यक्रम में 351 करोड़ 49 लाख 45 हजार रूपए के 357 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लाल आतंक समाप्ति की ओर है, जिससे विकास को गति मिल रही है। माओवाद के कारण यह क्षेत्र लम्बे समय से विकास से अछूता रहा, अब यहां नवाचार हो रहे हैं।

नारायणपुर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित आज अपराह्न में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से प्रदेश सरकार ने माओवाद मुक्त करने के लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार योजना से चलते बस्तर के 400 से अधिक गांवों में विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के विकास की पहुंच सुनिश्चित



हुई है। आत्मसमर्पित माओवादियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में उन्हें कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आजीविका प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही बस्तर को विकास के सभी आयामों से जोड़ने यहां पर्यटन विकास, खेती-बाड़ी, पशुपालन जैसे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प मुख्यमंत्री ने दोहराया। श्री साय ने यह भी कहा कि आदिवासी संस्कृति और पारम्परिक विरासतों को सहेजने व संजोकर रखने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार बस्तर पण्डुम का आयोजन कर रही है। उन्होंने उपस्थित जनों से जनजातीय सभ्यता और धरोहरों की जड़ों से जुड़कर रहने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 06 निर्माण कार्यों की घोषणा की, जिनकी अनुमानित लागत 332 करोड़ रूपए है। इसमें 125 किलोमीटर लम्बे मार्ग नारायणपुर के ओरछा-आदेर-लंका-बेदरे -कुटरूमैमेड जिसकी लागत राशि-250 करोड़ रूपए है। यह नारायणपुर जिले को बीजापुर जिले से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसमें जिले के अंदरूनी क्षेत्र के ईदवाया, एडजुम, आदेर, कुड़मेल, ढोढरीबेड़ा, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका जैसे ग्राम जुड़ते हैं। इसी तरह राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग में सतह मजबूतीकरण कार्य की घोषणा की, इसकी लंबाई 28 कि.मी जो लगभग 34 करोड़ से तैयार होगी। यह नारायणपुर जिले को दंतेवाड़ा जिले में जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसी तरह नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग पर 28 किमी के सतह मजबूतीकरण कार्य, लंबाई 28 कि.मी. की घोषणा (राशि- 34 करोड़ 12 लाख) - यह मार्ग जिले को महाराष्ट्र बार्डर तक जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसमें जिले के ब्रेहबेड़ा, कुरूषनार, बासिंग, सोनपुर ग्राम जुड़ते हैं। इसके अलावा ब्रेहबेड़ा (नारायणपुर)-कंदाड़ी-कीहीकाड़-मुरनार-बेचा मार्ग पर घुड़साल नाला पर उच्चस्तरीय सेतुमय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, जिसकी लंबाई 80 मीटर तथा लागत राशि- 12 करोड़ 42 लाख है। साथ ही नारायणपुर जिला अंतर्गत अबुझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में प्रारंभ किये गए 10 वैकल्पिक प्राथमिक शाला 'घमण्डी, वाला, जटवर, नेलनार, रोहताड़, हितावाड़ा, मोडनार, तोके, कोडटामरका एवं कोडोली' के स्कूल सेटअप एवं भवन, तथा तोके में आश्रम शाला भवन की स्वीकृति की घोषणा की, जो 01 करोड़ 06 लाख रूपए से तैयार होगा।

## नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 31 जनवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती के मार्गदर्शन में 30 जनवरी को मौन दिवस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के त्याग, बलिदान और उनके द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा एवं मानवता के मार्ग को स्मरण किया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं को गांधीजी की विचारधारा अपनाने एवं उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, मूल्यों और देश के प्रति उनके योगदान को जागृत करना रहा। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

# मनरेगा बचाओ संग्राम : कांग्रेसियों ने चक्काजाम किया, विरोध प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/मोहारा31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान शहर व ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कांग्रेसियो के द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम किया गया। शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित कर नगर के हाई स्कूल चौक व मोहारा के बस स्टैंड चौक में बैठकर मनरेगा बचाओ संग्राम मे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के नाम बदलने एवं प्रदेश के किसानों की धान खरीदी हेतू निर्धारित तिथि को बढाए जाने की माँग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल लोकनाथ भारती पूर्व जिला कांग्रेस महामंत्री ब्लाक अध्यक्ष पंचराम चंदेल शिशुपाल भारती सयुंक्त जिला महामंत्री लालाराम वर्मा, पुष्पा वर्मा सरपंच मोहारा करुणा ठाकुर दयालदास साहू गोकुल वर्मा रंजीत भारती टमान भारती दयालु वर्मा गोकरण वर्मा संतोष वर्मा जगदीश सिन्हा तोता लहारे मदन खुटेल परसराम के आलावा शहर कांग्रेस कमेटी से श्रीमती संध्या देशपांडे, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती ललिता साखरे, रितु निर्मलकर, बिंदा बाई, निशा निर्मलकर, ममता शिंदे, रेखा खोबरागड़े, सारिका, प्रदीप शर्मा, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, राम जी तराने, बबलू शांडिल, विष्णु लोधी, संदीप सिंह गेहरवाल, संजय यादव, जकतारण, पप्पू इंदुलकर, नरेश करसे, ऋषि शर्मा, गणेश प्रसाद, तरुण फुले, भाऊ दास मेश्राम, रितेश रामटेक, दशरत सिंह, डॉ. दिलीप नसिने, रजत देशपांडे, निर्मल जैन, दशरथ सोनी, संजू गुप्ता, रवि तिवारी, सूरज साहू, मनोज साहू, रवि बगमारे, के. विनायक राव, अक्षय चौरड़िया,मोहमद सिराज,बिंदेश सिंहा,जहीर खान, सूरज अम्बादे, प्रशांत कांडे, केशव तांडी,अमन उज्वने, एडविंन हैदर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।



# सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 31 जनवरी।** अलग अलग सरकारी विभागों में नौकरी लगाने का झांसा देकर डोंगरगढ़ के एक तथाकथित फर्जी पत्रकार व भिलाई केएक पूर्व भाजपा पार्षद नेता की मिलीभगत से आम लोगो को 56 लाख रु की जालसाजी करने का आरोप लगाया जा रहा है परन्तु आरोप लगाने वाले इसकी शिकायत अब तक पुलिस के पास नहीं दिए जाने से तरह तरह के सवाल खड़े करने लगे है ? आपको बता दें कि सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया था और इस मामले में डोगरगढ़ के तथाकथित पत्रकार व एक बीजेपी के पूर्व पार्षद का नाम सामने आ रहा था। बताया गया था कि ये लोग नौकरी लगाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर जीवन भर की गाढ़ी कमाई पल भर में लूट कर 420 सी का खेल कर गए। वहीं बताया गया था कि इन लोगों के द्वारा जालसाजी का खेल लगभग 04 वर्ष पूर्व से खेला जा रहा था और इसका खुलासा झांसे में आए लोगों के सामने आने के बाद सामने आया।वहीं इस मामले में धोखा खाए ग्राम मुसरा प्रतिष्ठित ग्रामवासी शिव कुमार टेम्बुरकर ने बताया था कि कि डोंगरगढ़ के रहने वाले तथाकथित पत्रकार के द्वारा मेरे नंबर पर वाट्सएप ग्रुप में सरकारी नौकरी का विज्ञापन भेज संपर्क कर नौकरी लगाने का झांसा देकर मेरी साली को सरकारी नौकरी लगा दूंगा कहकर अलग अलग किश्तों में फोन पे व नगदी के माध्यम से 03 लाख रु लिया गया है और 03 वर्ष बीतने के बाद भी ना ही नौकरी मिली ना ही पैसा वापस हुआ। पैसा वापस मांगने इस तथाकथित पत्रकार द्वारा गुमराह करने के साथ साथ कहा जाता है कि जाओ थाने में शिकायत कर दो मुझे जेल भेजवा दो सहित आत्महत्या करने की धमकी देते हुए कहा जाता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, मेरा तो आईजी,एसपी सहित जिले के पुलिस अधिकारियों सहित थाना डोंगरगढ़ से सेटिंग है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकते ?

बताया जाता है कि इस फर्जी पत्रकार की जालसाजी में दो दर्जन से अधिक शिकार हुए हैं जिसमें प्रमुख रूप से रामकृष्ण वर्मा, रामकुमार ठाकरे, अश्वन निषाद, डोगेंन्द्र जघेल, पूनमचंद वर्मा,निखिल, दीनदयाल पटेल मुरारी साहू, मोतीलाल साहू, हृदयलाल वर्मा,शीतल दास साहू, बिसाहू नागवंशी, चिरंजीव,केशव, यश कुमार, मुरारी साहू, मोतीलाल साहू सहित अन्य लोग और है जो नौकरी या पैसा पाने की चाह में अब तक फर्जी के चक्कर काट रहे है। ह

नौकरी के नाम पर जालसाजी के मामले में डोंगरगढ़ के दिवंगत पार्षद रमेश लिल्हारे की पत्नी उमा भारती लिल्हारे और ग्राम पंचायत पनियाजोब निवासी बसंत राम साहू ने सोशल मीडिया के समक्ष अपने साथ हुई धोखाधड़ी की दास्तान बताते शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरोध सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही थी जिसे प्रमुख अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और पुलिस द्वारा शिकायत प्राप्त होते ही ऐसे जालसाजों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया था।

## चाकू के वार से जख्मी करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**डोंगरगढ़ 31 जनवरी।** सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौच करने से मना करने पर आवेश में चाकू के वार से जख्मी कर देने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 29 जनवरी को शाम लगभग 08:30 बजे, आरोपी कांता पारधी निवासी ग्राम माड़ीतराई थाना डोंगरगढ़ मोहल्ले में जोर-जोर से गाली-गलौज कर रहा था। जिसे प्रार्थी रूपेश उर्फभागवत वर्मा, पिता ड्ड लालचंद वर्मा, उम्र ड्ड 24 वर्ष एवं ग्राम माड़ीतराई के अन्य लोगों द्वारा गाली-गलौज करने से मना किया गया। इस पर आरोपी कांता पारधी अपने घर जाकर घर से चाकू लेकर प्रार्थी के घर के सामने आकर जोर-जोर से गाली देने लगा। जिस पर प्रार्थी के पिता लालचंद वर्मा घर से बाहर आए तो आरोपी ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से वार कर लालचंद वर्मा के दाहिने कान में चोट पहुंचाई। इसी दौरान बीच-बचाव करने आए प्रार्थी रूपेश उर्फभागवत वर्मा को भी आरोपी ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ-मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाई। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 51/2026, धारा 296, 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया गया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी द्वारा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से प्रकरण में उक्त धाराएं जोड़ी गईं तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड लिया गया।

## जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ

**बलौदाबाजार 31 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 30.01.2026 को चाकू के सांथ 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आज दिनांक 30.01.2026 को समाधान सेल में सूचना मिला की पिथौरा जिला महासमुंद के रहने वाले 02 आरोपी कबाड़ बिनने/बेचने के अपने चार पहिया वाहन में धारदार चाकू रखकर बया में घूम रहे हैं। कि सूचना पर चौकी बया पुलिस टीम द्वारा ग्राम बया में बया से ग्राम नरधा जाने वाले तिराहे पर घेराबंदी कर 02 आरोपी रामसाय देवार एवं आकाश देवार को हिरासत में लिया गया तथा वाहन की तलाशी लेते हुए आरोपियों से एक चाकू, नगदी ?5000, एक मोबाइल एवं टाटा एस वाहन क्र. ष्टत्र06 त्नङ्ग 0354 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध चौकी बया में अपराध क्र. 10/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**हिंदी विभाग की डॉ नीता राजपूत ने अपने विचार रखते हुए देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी**

# नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 31 जनवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती ई वी रेवती ने महाविद्यालय के पुराने एवं नवीन भवन में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात महाविद्यालय स्टाफद्वारा संविधान निर्माता डॉ बी आर आंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू सहित शहीद जवानों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात एनसीसी परेड को सलामी देते हुए मार्च पास्ट संपन्न हुआ।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई वी रेवती ने इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियो, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को 77 वे गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान में दिए अधिकारों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए राष्ट्र हित में अपना योगदान देने की बात कही। हिंदी विभाग से डॉ नीता राजपूत ने अपने विचार रखते हुए देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय के नवीन भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सत्र 2025-26 में आयोजित राष्ट्रीय सेवपा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर में सहभागिता देने वाले स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, योग विभाग सहित अन्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमो की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्रामीण अंचल में नक्सली मुदभेड़ में शहीद हुए जवानों एवं पुलिस आरक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, सहा.प्राध्या. डॉ आशा चौधरी, डॉ. आर.आर.कोचे, क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे, सहा प्राध्या. जी.के. यादव, नीलम चतुर्वेदानी, ओमप्रकाश वर्मा, एच.आर. पदमें, बेदप्रकाश साहू, गुलशन सिंहा, अविनाश सिंह, कर्मचारी नितिन शांडिल्य, के.जी. सोनकर, विवेक श्रीवास, सौरभ वट्टी, चित्रा खोब्रागड़े, शैलेन्द्र यादव, झंगलू साहू सहित अतिथि व्याख्याता डॉ.नीता राजपूत, डॉ. येशुक्रिती हजारे, नीलम सिन्हा, डॉ.नौशीन अंजुम, झरना साहू, डॉ गोकुल प्रसाद, डॉ. राकेश धृतलहरे, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, तूलिका चक्रवर्ती, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू, मंजू धनकर, रोशन साहू, लक्ष्मीकांत साहू, गौरव तिवारी, देवश्री देवांगन, प्रिया ठाकुर, रोशनी राठौर, रामेश्वरी यादव, हर्ष यादव, संदीप गजभिये, आयुष वाइकर प्रिति सहारे सहित एनसीसी, एनएसएस व महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहा.प्राध्या. गुलशन सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन डॉ.आर.आर.कोचे द्वारा किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने सही किया रोक लगाकर

यूजीसी के नए नियमों को लेकर देश में लोगों का जाति व वर्ग में बांटकर अराजकता फैलाने की कोशिश कुछ लोगों द्वारा की जा रही थी। कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाकर देश को अराजकता फैलने से बचा लिया है। यह बुरी बात है कि कुछ राजनीतिक दल अपने राजनीतिक फायदे के लिए देश को बांटने वाला नियम बनाकर राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं तो कुछ राजनीतिक दल उन नियमों का विरोध कर देश में अराजकता का माहौल बनाना चाहते हैं और राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं। राजनीति की ही राजनीतिक फायदे के लिए की जाती है चाहे वह दल कोई भी हो। राजनीतिक फायदा देश को बांटने में होता है तो राजनीतिक दल देश को बांटने से भी नहीं चूकते हैं। राजनीतिक दलों की तरह सामाजिक संगठन भी राजनीतिक विचारधारा के आधार पर बंटे रहते हैं, इसलिए वह भी कुछ कहते है और करते हैं तो यह माना नहीं जा सकता कि वह समाज व देश के फायदे के लिए ही कर रहे हैं।वह भी जो कुछ कहते हैं और करते हैं किसी न किसी राजनीतिक दल या दलों को फायदा पहुंचाने के लिए करते हैं। राजनीति व संविधान में यही फर्क होता है कि राजनीति राजनीतिक फायदे के बारे सोचती है, उसी के हिसाब से कहती है और करती भी है। संविधान कानून के अनुसार कहता है और करता है इसलिए वह राजनीतिक दलों से देश व समाज के लिए ज्यादा संवेदनशील होता है। राजनीतिक दल अपने फायदे के लिए भेदभाव व असमानता को बढ़ावा दे सकते हैं, लेकिन कानूनविद सबसे पहले यह देखते हैं कि जो नियम है या कानून बनाया गया है कि वह सभी के लिए है या नहीं सभी के लिए समान है या नहीं। इसलिए जब भी कानून व नियम की बात आती है तो राजनीतिक दलों से अदालत ही ज्यादा भरोसे की लगती है। देश के लोगों को भी किसी नियम व कानून की बात जब आती है तो उनको राजनीतिक दल के नेताओं की जगह अदालत में जज क्या कह रहे है, इस पर भरोसा करना चाहिए। यूजीसी के नए नियम बनाए इसलिए गए थे कि उच्च शिक्षा संस्थानों में किसी भी स्तर पर एससी,एसटी के साथ किसी तरह का भेदभाव न हो। यहां भी देखने वाली बात है कि इसकी शुरुआत सुप्रीम कोर्ट से हुई थी और नियम की बात घूमकर फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। ज्ञात हो कि उच्च शिक्षा संस्थान में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए तब कहा था जब रोहित वेमुला व पायत तड़वी की मौत से जुड़ी याचिकाओं पर 2012 में कोर्ट ने सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट को तब लगा था कि भेदभाव रोकने के जो नियम है, वह प्रभावी नहीं है यानी भेदभाव रोक नहीं पा रहे हैं। यूजीसी के नए नियम बनाने के लिए संसद की संसदीय समिति ने सिफारिशें की थी, संसदीय समिति में देश के सभी बड़े राजनीतिक दलों के सांसद थे यानी जो यूजीसी के नए नियमों के लिए सिफारिश की गई,उस पर सभी दलों ने कुछ न कुछ कहा था और उसी के हिसाब से नए नियम बनाने की सिफारिशे की गई और यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकने जो नियम बनाए गए हैं, माना जा सकता है कि सभी दलों की सामूहिक सिफारिशों के आधार पर बनाए गए हैं। जब नए नियमों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई तो उसने जो कहा है उसका मतलब यही है कि जो नियम बनाए गए हैं वह भेदभाव रोकने वाले नहीं बल्कि वह भेदभाव को और बढ़ाने वाले हैं। ऐसा नहीं है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकने वाले नियम नहीं थे, थे लेकिन उससे भेदभाव रुक नहीं रहा था इसलिए सुप्रीम कोर्ट नए नियम बनाने का कहा था। नए नियम इस तरह बना दिए गए हैं कि उससे लगता है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सामान्य वर्ग ही बाकी वर्गो के साथ भेदभाव करता है। यानी सामान्य वर्ग के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। कानून तो सभी के लिए समान होना चाहिए यानी भेदभाव का नियम बनाया जाना चाहिए तो वह सभी के लिए होना चाहिए। किसी वर्ग को उससे बाहर नहीं रखा जाना चाहिए। यूजीसी के नए कानून में सामान्य वर्ग को नियम से बाहर कर दिया गया था। इससे सामान्य वर्ग के लोगों की यह आशंका हुई है उनके बच्चों के साथ उच्च शिक्षा संस्थानों में कुछ बुरा हो सकता है और सामान्य वर्ग ने इसका विरोध किया है तो ठीक ही किया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि नया नियम समानता का नहीं है,यह बांटने वाला है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है, इससे देश में जो अराजकता का माहौलू बनता अब नहीं बनेगा। यह अच्छी बात है।

लेखा-जोखा

# आर्थिक सर्वेक्षण से बजट तक : भविष्य के भारत की तलाश

ललित गर्ग



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के पटल पर प्रस्तुत किया जाने वाला बजट केवल आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि वह देश की आर्थिक दिशा, सामाजिक प्राथमिकताओं और भविष्य की संभावनाओं का दर्पण होता है। आज जब भारत एक ओर तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है और दूसरी ओर वैश्विक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, जलवायु संकट और तकनीकी परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह बजट और भी अधिक अर्थपूर्ण हो जाता है। व्यक्तिगत नागरिक से लेकर व्यापारी, उद्योगपति, किसान, श्रमिक, युवा और मध्यम वर्ग-सभी की निगाहें इस बजट पर टिकी हैं, क्योंकि इससे न केवल वर्तमान वर्ष की आर्थिक तस्वीर, बल्कि ''भविष्य के भारत'' की झलक भी मिलती है।

बजट से पूर्व प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण ने सरकार की सोच और नीति-दृष्टि के कई संकेत दिए हैं। इसमें विकास को केवल आंकड़ों की वृद्धि तक सीमित न रखकर अवसरों के विस्तार, समावेशी विकास और दीर्घकालिक स्थिरता पर जोर दिया गया है। यह स्वीकार किया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां अवश्य हैं, किंतु उनसे अधिक संभावनाएं हैं। यही दृष्टिकोण इस बजट का मूल स्वर होना चाहिए-चुनौतियों को अवसरों में बदलने का साहसिक प्रयास।

सबसे पहली और महत्वपूर्ण अपेक्षा निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने को लेकर है। किसी भी अर्थव्यवस्था की वास्तविक मजबूती तभी आती है जब उसके सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी सम्मानजनक जीवन जी सके और उपभोग में भागीदार बने। यदि निम्न आय वर्ग की आय बढ़ती है, उसे सस्ती और सुलभ सुविधाएं मिलती हैं, तो उसका सीधा प्रभाव मांग पर पड़ता है और मांग बढ़ने से उत्पादन, निवेश और रोजगार-तीनों को गति मिलती है। इसलिए इस बजट में प्रत्यक्ष नकद अंतरण, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च के साथ-साथ रोजगार सृजन के ठोस उपाय अपेक्षित हैं। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरण, शहरी गरीबों के लिए भी समान प्रकृति की योजनाएं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। शहरी विकास इस बजट का एक और प्रमुख केंद्र होना चाहिए। भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है और शहरों पर जनसंख्या, आवास, परिवहन, जल, स्वच्छता और पर्यावरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। केवल बड़े महानगरों पर निर्भरता अब व्यावहारिक नहीं रही। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा द्वारा सुझाया गया शहरी विकेंद्रीकरण का विचार आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। छोटे और मध्यम शहरों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाना, उद्योगों और सेवाओं को वहां प्रोत्साहित करना, न केवल महानगरों पर बोझ कम करेगा बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को भी घटाएगा। बजट में यदि टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए विशेष शहरी अवसंरचना पैकेज, परिवहन नेटवर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी और कौशल विकास योजनाएं लाई जाती हैं,






तो यह दूरगामी परिवर्तन का आधार बन सकता है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ, व्यापार अवरोध और संरक्षणवाद की प्रवृत्तियां भारत के लिए चुनौती भी हैं और अवसर भी। अजय बंगा का यह कथन कि टैरिफ पर अधिक चिंता करने के बजाय व्यापारिक अवसरों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, भारत की वर्तमान स्थिति के लिए उपयुक्त दृष्टि प्रदान करता है। भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, युवा जनसंख्या, डिजिटल क्षमताएं और उद्यमशीलता की प्रबल ऊर्जा है। यदि यह बजट निर्यात-उन्मुख उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू-एडेड सेक्टर को प्रोत्साहन देता है, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और मजबूत स्थान बना सकता है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को केवल नारों से आगे ले जाकर व्यावहारिक नीति समर्थन की आवश्यकता है-सरल कर संरचना, आसान ऋण, अनुसंधान एवं नवाचार में निवेश और व्यापार करने में सुगमता के माध्यम से। इस संदर्भ में मध्यम वर्ग की भूमिका को नजरअंदाज करना आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती होगा। मध्यम वर्ग किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है-वह सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है और सबसे बड़ा करदाता भी। विडंबना यह है कि बजट चर्चाओं में अक्सर यही वर्ग अपेक्षाकृत उपेक्षित रह जाता है। बढ़ती महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य का खर्च, आवास ऋण और करों का बोझ मध्यम वर्ग की बचत और उपभोग दोनों को प्रभावित करता है। यदि इस बजट में आयकर स्लैब में तर्कसंगत सुधार, शिक्षा-स्वास्थ्य पर कर राहत और आवास को प्रोत्साहन जैसे कदम उठाए जाते हैं, तो इससे न केवल मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी बल्कि मांग-आधारित विकास को भी बल मिलेगा। उद्योगों और व्यापार जगत के लिए बजट से अपेक्षा है कि वह स्थिर और पूर्वानुमेय नीति वातावरण प्रदान करे। निवेशक अनिश्चितता से डरते हैं।

कर नीति में बार-बार बदलाव, अनुपालन की जटिलता और नियामक अस्पष्टता निवेश को बाधित करती है। इस बजट में यदि दीर्घकालिक कर-नीति का स्पष्ट संकेत, एमएसएमई सेक्टर के लिए सस्ता ऋण, तकनीकी उन्नयन के लिए प्रोत्साहन और हरित उद्योगों के लिए विशेष पैकेज दिए जाते हैं, तो यह उद्योगों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र, जो रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत है, उसे आर्थिक पुनरुत्थान का केंद्र बनाया जाना चाहिए। भविष्य के भारत की कल्पना केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं हो सकती। इसमें पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में हरित ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और टिकाऊ कृषि को बजट में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि नए उद्योगों और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। शिक्षा और कौशल विकास में निवेश भविष्य की कार्यशक्ति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा, जबकि स्वास्थ्य पर खर्च एक स्वस्थ और उत्पादक समाज की नींव रखेगा।

अंततः यह बजट एक संतुलन की परीक्षा है-राजकोषीय अनुशासन और विकासात्मक खर्च के बीच, अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक सुधारों के बीच, तथा विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं के बीच। यदि यह बजट निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने, मध्यम वर्ग को राहत देने, शहरी विकेंद्रीकरण को गति देने और वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलने की स्पष्ट दिशा देता है, तो यह केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि ''विकसित भारत'' की ओर बढ़ते कदम का घोषणापत्र बन सकता है। देश को आज ऐसे ही बजट की आवश्यकता है-जो आशा जगाए, विश्वास पैदा करे और भविष्य के प्रति एक सकारात्मक, साहसिक दृष्टि प्रस्तुत करे।

### सू- दोकू क्र.301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.300का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -301

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 300 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। आपका अनुभव प्रतिष्ठा का कारण बनेगा। समाज में आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। आज आप किसी सामाजिक उत्सव में भाग ले सकते हैं। लोग आपके विचारों से प्रभावित होंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरुरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे। संतान को लेकर अच्छे परिणाम मिलेंगे। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। अचानक आपके सामने कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आप आसानी से उन से बाहर निकल पाएंगे। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। आपको घरवालों का पूरा सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि :आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे। लेकिन आप अपने काम और परिवार के बीच बैलेंस बना कर चलेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट कहीं घूमने जाने का प्लान बनायेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे। आपकी किसी परिवारिक समस्या का निवारण होने से आपको बहुत सुकून मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ कहीं धार्मिक यात्रा पर जाएंगे। आपकी यात्रा शुभ फलदाई साबित होगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। किसी कार्य योजना के कारण आपको दूर की यात्रा करनी पड़ेंगी। आज आपके घर के सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

तुला राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा। इस दौरान आपके मित्र आपकी सहायता करेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, आप परिवार के साथ कहीं मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। इस दौरान आपको साथ काम करने वालों से थोड़ा सावधान रहना होगा। किसी तरह के वाद-विवाद में पडऩे से बचें। आज आप प्रॉपर्टी खरीदने में कामयाब रहेंगे।

धनु राशि : आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा। आप सपरिवार किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जा सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा। परंतु इस दौरान आप अपने स्वभाव में थोड़ी विनम्रता लाएं।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। इस दौरान आपको आपकी मेहनत से अच्छे धन लाभ की संभावना है कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

कुंभ राशि : आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है। आप अच्छी दिनचर्या अपनाकर अच्छा खान-पान रखकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे। घर में धार्मिक फंक्शन होने की संभावना है। कुछ लोग साझेदारी में व्यापार शुरू करेंगे। आज आपके संतान को पढ़ाई के क्षेत्र में उन्नति मिलेगी।

अमानवीय

# बांग्लादेश में बेगुनाह हिन्दुओं के साथ बर्बरता कब तक ?

मनोज कुमार अग्रवाल



बांग्लादेश में अब अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अमानवीय बर्बरता हिंसा और अत्याचार का सिलसिला थमने नही रहा है। भारत में 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भारत की विश्व शांति व मानवता की नीति का उल्लेख अपने संबोधन में दुनिया के सामने रख रही थीं, तभी भारत के पड़ोसी देश बंगलादेश में एक निर्दोष हिन्दू जो गैराज में सो रहा था उसको पैट्रोल डाल कर जिंदा जलाने का मामला सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा। वह मदद के लिए चीख रहा था, लेकिन बाहर से शटर लॉक था। उसे निकलने का रास्ता नहीं मिला। लोकल लोगों की सूचना पर फायर सर्विस पहुंची और आग बुझाने में करीब एक घंटा लगा, लेकिन चंचल पूरी तरह जल चुका था, मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लोगों ने घटना को दिल दहला देने वाला बताया। स्थानीय दुकानदार राजीब सरकार ने सी.सी.टी.वी. कैमरे की फुटेज का हवाला देकर कहा कि यह हादसा नहीं था। कैमरे में दिखा कि कई लोग जानबूझकर शटर को आग लगा रहे हैं। लगभग 17 करोड़ की आबादी वाले मुस्लिम बहुल बंगलादेश में 2024 के तख्तपलट के बाद से हालात अस्थिर बने हुए हैं। इस्लामी संगठनों की सक्रियता बढ़ने से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। बंगलादेश में हिंदू और सूफी मुस्लिम सहित अल्पसंख्यकों की आबादी 10 प्रतिशत से भी कम है। भारत ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के साथ हो रहे व्यवहार पर चिंता जताई है।

उपरोक्त घटना बंगलादेश के नरसिंदी जिले की है। 23 वर्षीय चंचल के परिवार का कहना है कि यह एक सोची समझी हत्या है। बंगलादेश में 2024 की राजनीतिक उथल-पुथल और शेख हसीना सरकार को गिराए जाने से जुड़ी डिप्लोमैटिक रिकॉर्डिंग अमरीका से लीक होने के बाद नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। रिकॉर्डिंग लीक होने के बाद अवामी लीग ने अमरीका की भूमिका को लेकर सवाल उठाया है। बंगलादेश के पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी ने हाल ही में एक इवेंट में कहा कि यह ऑडियो अवामी लीग की लंबे समय से चली आ रही बात को सही साबित करता है कि शेख हसीना सरकार का गिरना पूरी तरह से एक ऑर्गेनिक प्रक्रिया नहीं थी। बीते कुछ वर्षों में बंगलादेश हो या फिर नेपाल, सरकार गिरने की घटना सामने आई। अब बंगलादेश को लेकर लीक हुई यू.एस. डिप्लोमैटिक रिकॉर्डिंग ने वाशिंगटन को नए आरोपों के केंद्र में ला दिया है। एक बड़े डेली, स्ट्रैट्न्यूज ग्लोबल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में इस रिकॉर्डिंग का जिक्र किया गया है। इसके मुताबिक इस रिकॉर्डिंग में एक सीनियर अमरीकी डिप्लोमैट की बातचीत है, जिसमें वह बंगलादेश की इस्लामी राजनीतिक ताकतों से जुड़ने और हसीना के बाद के दौर में देश की चाल का अंदाजा लगाने के बारे में बात कर रहे हैं। इससे बंगलादेश में अमरीका की भूमिका की जांच की मांग तेज हो गई है।

शेख हसीना की सरकार के गिरने से लेकर आज तक बंगलादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। यूनस सरकार अमेरिका की कठपुतली सरकार ही है। कट्टरपंथी सरकार पर हावी है। हिन्दुओं पर अत्याचार जारी है। आर्थिक स्थिति भी दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।

बंगलादेश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डालने वाले एक बड़े फैसले में बंगलादेश टैक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन (बी.टी.एम.ए.) ने देशभर की सभी टैक्सटाइल मिलों को 1 फरवरी से अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का ऐलान किया है। एसोसिएशन ने इसके पीछे भारी वित्तीय नुकसान और घरेलू यार्न उत्पादकों को बचाने में अंतरिम सरकार की



कथित उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया है। करीब 23 अरब डॉलर मूल्य वाला बंगलादेश का टैक्सटाइल उद्योग देश के गारमेंट सैक्टर की रीढ़ है, जो कुल निर्यात आय का 85 प्रतिशत हिस्सा देता है। चुनाव से पहले मिल बंदी की धमकी से सप्लाई चेन टूटने, मजदूरी भुगतान में देरी और व्यापक आर्थिक संकट की आशंका बढ़ गई है। नए बंद से लाखों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। बी.टी.एम.ए. के अनुसार पिछले 30 दिनों से स्पिनिंग मिलें केवल 50 प्रतिशत क्षमता पर चल रही हैं। इस अवधि में उद्योग को 12,000 से 15,000 करोड़ टका का नुकसान हुआ है। जिससे बैंक ऋण चुकाने में असमर्थता बढ़ गई है और देश की वित्तीय प्रणाली पर खतरा मंडरा रहा है। रसेल ने चेतावनी दी कि मौजूदा हालात में उत्पादन जारी रखना असंभव है। उन्होंने कहा कि यदि इस संकट के कारण बैंकिंग सैक्टर में अस्थिरता पैदा होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बी.टी.एम.ए. अध्यक्ष ने अंतरिम सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं सभी मंत्रालयों और संबंधित विभागों के चक्कर लगा चुका हूं, लेकिन हर कोई जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल रहा है। कोई ठोस फैसला नहीं लिया जा रहा। उन्होंने यह भी कहा कि टैक्सटाइल क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में करीब 13 प्रतिशत योगदान देता है, लेकिन सरकार इस सैक्टर की समस्याएं सुनने के लिए 13 मिनट भी नहीं निकाल पा रहा है। बंगलादेश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव ही पड़ रहा है। कट्टरपंथियों के हावी होने से वहां के अल्पसंख्यक समुदाय विशेषतया हिन्दुओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाकर भीड़ द्वारा किए गए हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं, जो भारत विरोधी कट्टरपंथी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भड़की है। 18 दिसंबर को एक कपड़ा कारखाने में काम करने वाले दीपू चंद्र दास को ईशनिंदा के आरोपों पर भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और बाद में आग लगा दी। कुछ दिनों बाद अमृत मंडल को राजबारी जिले में जबरन वसूली के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। इन घटनाओं के बावजूद हिंसा जारी है। पिछले सप्ताह, कालीगंज में भीड़ के हमले में हिंदू व्यापारी लिटन चंद्र दास की हत्या कर दी गई। एक अन्य मामले में पेट्रोल पंप पर बिना भुगतान किए भाग रहे वाहन को रोकने की कोशिश में पेट्रोल पंप कर्मचारी रिपन साहा को कुचलकर मार डाला गया। बंगलादेश के आंतरिक हालातों को देखते हुए भारत को अति सतर्क होने की आवश्यकता है। फरवरी में होने वाले चुनावों के बाद स्थिति में सकारात्मक बदलाव आने की आशा है। लेकिन अगर उसके बाद भी स्थिति नहीं बदलती तो भारत को वहां के हिन्दू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मुद्दा उठा समस्या का समाधान ढूंढना होगा। बंगलादेश के हिन्दुओं को कट्टरपंथियों के हाथों मरने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता।विश्व समुदाय खासकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन भी इस नस्ली हिंसा पर चुप्पी साधे हुए हैं यह बेहद हैरत की बात है।

## एक नजर

### आत्मसमर्पित नक्सलियों का पुनर्वास 35 युवाओं को राजमिस्त्री प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 31 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शांति, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्स्थापन को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा एक प्रभावी पहल की जा रही है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार एसबीआई आरसेटी (स्टेट बैंक ऑफ इंडियादृग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के माध्यम से 35 आत्मसमर्पित नक्सलियों को राजमिस्त्री (मेसन) का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य आत्मसमर्पित युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा के अंतर्गत जिले में कुशल निर्माण श्रमिकों की आवश्यकता की पूर्ति के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक आवास निर्माण तकनीक, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य, भवन संरचना, सामग्री प्रबंधन, लागत नियंत्रण तथा कार्यस्थल सुरक्षा से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे शासकीय योजनाओं एवं निजी निर्माण क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग सेवाओं, बीमा, समय प्रबंधन तथा खेल गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनमें निरंतर उत्साह एवं आत्मविश्वास बना रहे। एसबीआई आरसेटी के फैकल्टी श्री ओम प्रकाश साहू ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चितालंका में व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जहां प्रशिक्षकों द्वारा सभी गतिविधियां सूक्ष्मता एवं व्यावहारिक तरीके से सिखाई जा रही हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम न केवल आत्मसमर्पित युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगे, बल्कि जिले में स्थायी शांति, विकास और सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करेंगे।

### बस्तर में 1 फरवरी को होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 24 पर्यवेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर 31 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आगामी 1 फरवरी को आयोजित की जा रही छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के सुचारू और नकल विहीन संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बस्तर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा की निगरानी के लिए जिला कलेक्टर आकाश छिकारा ने विभिन्न विभागों के 24 वरिष्ठ अधिकारियों को बतौर पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) नियुक्त किया है, जिनके कंधों पर परीक्षा की पवित्रता और व्यवस्था बनाए रखने की महती जिम्मेदारी होगी । प्रशासन ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए इन पर्यवेक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए उनके दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है।

### जल जीवन मिशन ने बदली गांव की दिशा और दशा

**राजनांदगांव 31 जनवरी।** छुरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले 1021 जनसंख्या वाला ग्राम गुण्डरदेही पेयजल की समस्या से प्रभावित था। गांव की आबादी बढने के साथ-साथ जल स्त्रोतों पर भी दबाव भी बढ़ता गया। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की अत्यधिक गंभीर समस्या हो जाती थी। जिसे देखते हुए शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम गुण्डरदेही में पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य शुरू किया गया। सबसे पहले ग्राम के जल स्त्रोतों का सर्वे किया गया। उसके बाद सुरक्षित जल आपूर्ति हेतु संरचनाओं का निर्माण किया गया। पाईप लाईन विस्तार, जल भण्डारण व्यवस्था एवं 222 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर गांव के प्रत्येक घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया गया। जल जीवन मिशन के लागू होने से गांव के जीवन स्तर में सुधार देखने को मिला है। पहले ग्रामीण महिलाओं को पेयजल की व्यवस्था के लिए घंटो लग जाते थे। समय की बचत होने से ग्रामीण महिलाएं परिवार एवं आजीविका से जुड़े कार्यों में समय दे पा रही हैं। ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल सहज रूप से उपलब्ध हो रहा है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। जल जीवन मिशन से ग्राम गुण्डरदेही में पेयजल की समस्या का समाधान हुआ। साथ ही स्वच्छता और जागरूकता को भी बढ़ावा मिला है।

# कलेक्टर देवेश कुमार ने किया संस्थानों का निरीक्षण, सुदृढ़ीकरण एवं युवाओं के सशक्तिकरण पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 31 जनवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि,शिक्षा,कौशल विकास एवं युवाओं के सशक्तिकरण से जुड़े संस्थानों की गतिविधियों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा का भ्रमण कर केंद्र की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त इकाइयों के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के निर्देश देते हुए सभी इकाइयों को पुनः किसानोपयोगी बनाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए तकनीकी ज्ञान, नवाचार एवं प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है, अतः इसकी आधारभूत संरचना



मजबूत होना आवश्यक है। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश द्वारा केंद्र की परियोजनाओं एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कृषक प्रशिक्षण सभागार, बायो-फ्लॉक, किसान छात्रावास, मशरूम, कड़कनाथ, बीज गोदाम, डेयरी, बत्तख एवं बकरी पालन तथा प्राकृतिक खेती इकाइयों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा शासकीय श्रवण बाधित बालक-बालिकाओं के विशेष विद्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑडियोमेट्री कक्ष, कक्षाएं, शयन कक्ष एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों के खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, हेल्थ रजिस्टर संधारण तथा रचनात्मक एवं एक्स्ट्रा करिकुलम गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। समर वेकेशन में भी विशेष इंटरवेंशन के माध्यम से कक्षाएं संचालित करने एवं एक्सपोजर विजिट आयोजित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने नवगुरुकुल कैंपस का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैंपस विकास को लेकर कलेक्टर ने स्कूल ऑफ फाइनेंस, स्कूल ऑफ डिजाइन जैसे पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा छोटे और केंद्रित बैच से शुरुआत करने के सुझाव दिए। प्लेसमेंट के दृष्टिकोण से रायपुर एवं जगदलपुर में स्थानीय रोजगार संभावनाओं को देखते हुए नॉन-टेक्निकल पदों में प्लेसमेंट बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही नवगुरुकुल में लागू इंडस्ट्री आधारित शिक्षा प्रणाली एवं एसओपी की जानकारी भी ली गई। कलेक्टर द्वारा युथ हब में युवाओं के सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण दिशा तय की गई। उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों एवं युवाओं को चिन्हित कर पुनः शिक्षा, प्रशिक्षण एवं रोजगार से जोड़ने पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए।

**1 हजार से ज्यादा देव विग्रह लेकर पहुंचेंगे माटी पुजारी, 28 फरवरी को सप्तम पालकी के दिन होगा गंवरमार रस्म**

# कलश स्थापना के साथ 22 फरवरी से फागुन मड़ई, 5 मार्च को समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 31 जनवरी।** माई दंतेश्वरी देवी की पावन नगरी दंतेवाड़ा में इस वर्ष ऐतिहासिक फागुन मंडई आगामी 22 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है कलश स्थापना से इसकी शुरूआत होगी जो 5 मार्च को देवी देवताओं की विदाई के साथ संपन्न होगा। टेंपल कमेटी ने फागुन मंडई 2026 कार्यक्रम की तिथिवार सूची भी जारी कर दी है। मंडई के लिए टेंपल कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस बार विभिन्न ग्रामों से करीब 1 हजार से ज्यादा देव विग्रह मेला कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे ऐसी उम्मीद है। 15 फरवरी को महाशिवरात्री के दिन माटी पुजारियों को मंडई का न्यौता भेजा जाएगा। बस्तर के साथ ही पड़ोसी राज्य उड़ीसा से भी हर साल देव विग्रह लेकर पुजारी यहां पहुंचते रहे हैं इस साल भी उड़ीसा से देव विग्रह मंडई में पहेंचे उन्हें भी विशेष न्यौता भेजा जाएगा। फागुन मेला में शिकार नृत्यों की रोचक प्रस्तुति होती है। इसे आखेट नवरात्र के नाम से भी जाना जाता है। हर दिन अलग अलग आखेट परंपरा का निवर्हन किया जाता है इसमें गंवरमार नृत्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है। ग्रामीण रात भर परिसर में एकत्र होकर



गंवरमार नृत्य का लुत्फ उठाते हैं । सुबह भोर में 3 बजे गंवरमार अर्थात जंगली भैंसे को मारने की नाट्य प्रस्तुति होती है जिसे देखने बड़ी तादात में ग्रामीण जुटते हैं। 11 दिन चलने वाले फागुन मंडई में लम्हामार, कोडरीमार, चितलमार एवं गंवरमार कुल 4 दिनों तक तो आखेट अर्थात शिकार परंपरा का कार्यक्रम होता है। प्रथम दिन कलश स्थापना होता है जिसके बाद से हर रोज शाम को माई दंतेश्वरी देवी की छत्र व डोली को हजारों माटी पुजारियों एवं भक्तों की उपस्थिति में मंदिर से पालकी निकाली जाती है । पालकी को परंपरानुसार मंदिर के गरूढ़ स्तंभ द्वार पर जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी जाती है जिसके बाद पालकी को गाजे बाजे के साथ नारायण मंदिर स्थल पर लाया जाता है जहां फिर से देवी की पालकी को सशस्त्र जवानों द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी जाती है । यहां पर पालकी को कुछ समय के लिए रखा जाता है। तउोपरांत नारायण मंदिर परिसर में ही विभिन्न नृतक दलों द्वारा नाट्य मंचन की प्रस्तुति पेश की जाती है। जिसे देखने बड़ी भीड़ लगती है। कुछ समय पश्चात पुनः डोली को उसी क्रम में गाजे बाजे के साथ नाचते गाते भक्त वापस मंदिर पहुंचाते हैं ये क्रम पूरे 10 दिनों तक चलता है। बड़ा मेला के दिन राजपरिवार के सदस्य भी पहुंचते हैं जहां मंदिर समिति से जुड़े सेवादार, मंदिर के पुजारी उनके परिवारजनों द्वारा राज परिवार के सदस्यों की राजशाही अंदाज में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जाता है। इस दौरान राजपरिवार के लोग सबसे पहले मंदिर में जाकर अपने आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना करते हैं उसके उपरांत पालकी कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इस दौरान राज परिवार को एक झलक देखने लोगों की भारी भीड़ जुटती है। इस बार बड़ा मेला एवं होली 4 मार्च को एक ही दिन पड़ रहा है। ऐसा संयोग पहले भी कई बार हो चुका है। सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक लोग रंग भंग में सराबोर होकर होली खेलेंगे जिसके बाद शाम से पुरी रात दूर दराज क्षेत्र से आए ग्रामीण मंडई मेला जिसे स्थानीय भाषा में खरसाड कहते हैं उसका आनंद उठाएंगे।

## सुकमा कलेक्टर व एसपी ने कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का किया निरीक्षण



**सुकमा, 31 जनवरी ।** जिले के कलेक्टर अमित कुमार और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने विकासखंड कोंटा के नक्सल प्रभावित दूरस्थ ग्राम पिड़मेल, भेज्जी, डब्बाकोंटा का दौरा कर शासकीय संस्थानों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। आज शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि, दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पारदर्शी रूप से पहुंचे। कलेक्टर और एसपी ने ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर प्रधानमंत्री आवास योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, महतारी वंदन योजना सहित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रखे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम पिड़मेल में उप स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवन एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। इसके साथ ही अरहनपुर से कोंटा जा रही यात्री बस का औचक निरीक्षण किया गया, जहां किराया सूची, यात्री सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच कर यात्रियों से फीडबैक लिया गया। प्राथमिक शाला में बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम डब्बाकोंटा में उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपचाररत मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता एवं चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर और वनमंडलाधिकारी अक्षय कुमार भोंसले भी मौजूद थे।

# उज्जवला घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, 56 सिलेंडर जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 31 जनवरी।** बस्तर जिले में उज्जवला योजना के तहत मिलने वाली घरेलू गैस सिलेंडर के सब्सिडी का फायदा उठाकर शहर और गांवों में सिलेंडरों का खुलेआम अवैध व्यापार किया जा रहा था। लगातार शिकायतों के बाद खाद्य विभाग की टीम ने आज शुक्रवार को जगदलपुर के मोतीतालाब और केशलूर में छापा मारा और पांच घंटे से अधिक समय तक चली जांच में कुल 56 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सहायक खाद्य अधिकारी दिव्या रानी कार्यात ने बताया कि यह कार्रवाई रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और इसके व्यावसायिक दुरुपयोग को रोकने के लिए की गई। गांव से लेकर शहर तक के लोगों के पास से सिलेंडर जब्त किए हैं। शहर के मोतीतालाब निवासी प्रकाश लोढ़ा के पास 16 सिलेंडर थे, जबकि केशलूर के उमेश और संतोष कश्यप के यहां से 40 सिलेंडर जब्त किए गए। उललेखनिय है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सरकार लाभार्थियों को सब्सिडी वाला सिलेंडर प्रदान करती है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल तक ?300 की सब्सिडी (14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर) दी जा रही है। उज्जवला घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी एवं इसके व्यावसायिक दुरुपयोग के पीछे गैस एजेंसी की मिली भगत से इंकार नही किया जा सकता है। जबतक गैस एजेंसी के क्रिया कलापों पर अंकुश नही लगाया जाता तब तक उपरेक्त कार्यवाही से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षाः अभ्यर्थियों के लिए जारी हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आगामी छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी 2026) का आयोजन 01 फरवरी 2026 को राज्य के 20 जिलों में दो पाली में किया जा रहा है। प्रथम पाली, जो प्राथमिक स्तर के लिए होगी, इस पाली में लगभग 1 लाख 19 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे, इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर द्वितीय पाली, में लगभग 2 लाख 05 हजार अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा यद्यपि मात्र 20 जिलों में आयोजित हो रही है, परंतु इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 हेतु व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों के हित में दिशा निर्देशों जारी किए गए है। ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की भ्रम या असुविधा की स्थिति न बने। जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवश्य निरीक्षण करने कहा गया है, जिससे परीक्षा दिवस पर किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके। परीक्षा केंद्र में समय पर प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है, ताकि फ्रिस्किंग और मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। प्रथम पाली के लिए यह समय सुबह 9:30 बजे से 12:15 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 3 बजे से 5:45 बजे निर्धारित है। परीक्षा में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनने की सलाह दी गई है, जबकि काला, गहरा नीला, जामुनी, मैरून, गहरा हरा, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के परिधान पहनना प्रतिबंधित रहेगा। मौसम को ध्यान में रखते हुए बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहनने की अनुमति होगी, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर जांच करानी होगी।

## मेकॉज के डॉक्टर कॉलोनी में चोरों ने एक साथ 5 घरों में लगाई सेंध, लाखों की चोरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 31 जनवरी ।** बस्तर जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में बीती रात चोरों ने डॉक्टर कॉलोनी में एक साथ पांच घरों को निशाना बनाया। चोरों ने लाखों रुपये की नकदी, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा लिए। घटना की सूचना मिलते ही परपा पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंचकर विवेचना के साथ ही डॉक्टरों से बयान एवं चोरी हुए सामानों का आंकलन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने मेकॉज के टाइप 5 में रहने वाले पांच डॉक्टरों के घरों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बारी-बारी से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। डॉक्टरों के सभी परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने पहले रेकी की और फिर घरों के ताले तोड़कर लाखों की नकदी, सोने के आभूषण और अन्य सामान चुराकर फरार हो गए। पुलिस चोरी के पीछे किसी गिरोह का हाथ होने की आशंका जता रही है। आस-पास के इलाकों में भी गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

**उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र**

# गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी संजय कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 31 जनवरी।** 7वें गणतंत्र दिवस के मौके पर दंतेवाड़ा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कश्यप को उनके उत्कृष्ट, समर्पित एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रदान किया।

डॉ. संजय कश्यप लंबे समय से दंतेवाड़ा जिले में पदस्थ रहकर जिलेवासियों की निः स्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। आदिवासी एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। सीमित संसाधनों के



बावजूद उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि डॉ. संजय कश्यप जैसे समर्पित चिकित्सक शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उनका कार्य स्वास्थ्य विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत है और समाज में भरोसा पैदा करता है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. संजय कश्यप ने इसे जिले की जनता और अपने सहयोगी स्वास्थ्यकर्मियों को समर्पित करते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी ईमानदारी और सेवा भाव से जिलेवासियों की सेवा करते रहेंगे। डॉ. कश्यप को सम्मान मिलने पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। पूरे जिले में इस उपलब्धि को लेकर गर्व का माहौल देखा गया।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 31 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय में शुक्रवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुष्ठ रोधी दिवस मनाया गया। 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ बापू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान संदेश का वाचन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. डेविड केरकेट्टा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री अ. सुभाशीष मंडल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ, जिले में 13 फरवरी तक चलाया जाएगा अभियान

**कांकेर,31 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज कुष्ठ रोगियों के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में शुक्रवार 30 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग के प्र्रति जागरूक कर कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करना है। इस दौरान कुष्ठ रोगियों क प्रति भेदभाव खत्म करने, उनके गरिमा को सुनिश्चित करने कांकेर कलेक्टर का जनता के नाम संदेश का वाचन कर शपथ भी ली गयी।

डॉ. सुनील कुमार सोनी ने बताया कि इस अभियान के तहत् कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव की गलत भ्रांतियों को मिटाने, लोगों में कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिले के समस्त माध्यमिक, हाई, हायर सेकण्डरी स्कूलों, कालेजों एवं सभी ग्राम पंचायतों में कलेक्टर का संदेश वाचन व शपथ एवं ग्राम सभा प्रमुख सरपंच भाषण का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अमला सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# एक ही परिवार की तीन बेटियों का शासकीय सेवाओं में चयन, जिले के लिए गौरव का क्षण



**रायगढ़, 31 जनवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में संचालित युवा केंद्र मदनपुर आज ग्रामीण अंचल के युवाओं के लिए आशा और सफलता का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। इसी केंद्र से तैयारी कर विकासखंड खरसिया के ग्राम-भेलवाडीह की एक ही परिवार की तीन बेटियों ने शासकीय सेवाओं में चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। ऐश्वर्या चंद्रा का चयन राज्य सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ पुलिस (सीजीपी), ऋतु चंद्रा का चयन केन्द्रीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) एवं कविता चंद्रा का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)में हुआ है। तीनों बहनों की इस ऐतिहासिक सफलता से जिले में हर्ष, उत्साह और गर्व का माहौल व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि तीनों बेटियां आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखती हैं, जहाँ महंगी कोचिंग संस्थानों में अध्ययन करना या बड़े शहरों में रहकर तैयारी करना संभव नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने कभी परिस्थितियों को अपने लक्ष्य के आड़े नहीं आने दिया और शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाते हुए सतत परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री पठारे के मार्गदर्शन में संचालित युवा केंद्र मदनपुर में तीनों बेटियां नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती थीं। केंद्र में उपलब्ध निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं, अनुशासित अध्ययन वातावरण तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव ने तीनों बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। जब लक्ष्य स्पष्ट हो और आत्मविश्वास मजबूत हो, तो संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बनती। इन बेटियों ने यह सच्चाई सिद्ध कर दी है। डीएमसी श्री आलोक स्वर्णकार ने इस सफलता को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में रहकर, बिना महंगी कोचिंग पर निर्भर हुए, इन बेटियों ने युवा केंद्र की सुविधाओं का सदुपयोग कर यह सिद्ध किया है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। यह उपलब्धि पूरे जिले के बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने जिले के युवाओं से युवा केंद्रों से जुड़कर नियमित अध्ययन करने की अपील की। युवा केंद्र मदनपुर के प्रभारी श्री प्रदीप साहू बीआरसी, खरसिया ने भी चयनित बेटियों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। तीनों बहनों ने अपनी सफलता का श्रेय शासन द्वारा संचालित युवा केंद्र मदनपुर की कोचिंग व्यवस्था, पुस्तकालय सुविधा एवं निरंतर मार्गदर्शन को दिया।

## एक नजर

### शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट में अधिकारी कर्मचारियों ने रखा 2 मिनट का मौन

**धमतरी, 31 जनवरी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया। गौरतलब है कि यह दिवस महात्मा गांधी का निर्वाण दिवस भी है। इसके मद्देनजर जिले में आज शहीद दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को याद किया, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए ट्रांसमिशन आंकलन सर्वेक्षण सर्वे

**धमतरी, 31 जनवरी ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार और मुय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक के मार्गदर्शन में जिले को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए ट्रांसमिशन आंकलन सर्वेक्षण (टीएएस-3) सर्वे कराया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. कौशिक ने बताया कि इसमें शासकीय एवं निजी कुल 91 स्कूलों के पहली और दूसरी कक्षा के (6 से 7) वर्ष के 1552 बच्चों का रक्त लेकर फाइलेरिया टेस्ट स्ट्रीप कीट एवं माध्यम जांच किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिन्हांकित ग्रामों नगरी के 33, मगरलोड के 15, कुरूद के 21, धमतरी (गुजरा) के 15 एवं शहर क्षेत्र के 7 स्कूल शामिल हैं। डॉ. कौशिक ने यह भी बताया कि पूर्व में विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन सर्वे (टीएएस-1 एवं टीएएस-2) पास कर चुका है तथा छत्तीसगढ़ के मात्र , तीन जिले जिसमें फाइलेरिया सर्वे गतिविधि किया जा रहा है, उसमें धमतरी जिला शामिल है। यह गतिविधियां जिला नोडल अधिकारी डॉ.आदित्य सिन्हा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर, जिला व्हीबीडी सलाहकार सस्मिता पट्नायक, चिरायु आरबीएसके टीम एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

### सरस्वती योजना के तहत छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें



**रायगढ़, 31 जनवरी ।** शासन की जनकल्याणकारी सरस्वती साइकिल योजना के तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में विकासखंड तमनार अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सामारुमा में आज कक्षा नवमी की नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सामारुमा की सरपंच श्रीमती ज्योति सिदार, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री गुलामन चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता और उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत संचालित निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना सहित अन्य योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में व्याख्याता श्री शालदन तिर्की श्रीमती कविता देशमुख, श्रीमती संतोषनी कापड़ी, श्रीमती विमला खेस, श्रीमती एमरेंसिया टोप्पो, श्रीमती शीला रानी कुजूर, श्रीमती जयंती पटेल, श्री भागीरथी चौहान, श्री रविकांत बेहरा एवं श्रीमती बबली नेताम उपस्थित रहे।

### महासमुंद चिकित्सालय में राष्ट्रपिता को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद 31 जनवरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय महासमुंद (छत्तीसगढ़) में श्रद्धांजलि एवं कुष्ठ उन्मूलन शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान उनके जीवन, आदर्शों एवं मानवता के लिए किए गए कार्यों को स्मरण किया गया।इसके पश्चात विकसित भारत अभियान के अवसर पर जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ वसंत माहेश्वरी ने उपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं स्टाफ को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई। शपथ में यह घोषणा की गई कि जिला महासमुंद के नागरिक एवं जिला प्रशासन मिलकर जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग का निदान सरल है और यह पूरी तरह इलाज योग्य है, इसलिए सभी रोगियों की शीघ्र पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग किया जाएगा।शपथ के दौरान यह भी संकल्प लिया गया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और न ही किसी को ऐसा करने दिया जाएगा। व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने, प्रभावित व्यक्तियों को सम्मान के साथ अपनाने के उद्देश्य से कलंक और भेदभाव के प्रति शून्य सहनशीलता की प्रतिज्ञा दोहराई गई।

# धान विक्रय से किसानों के सपने हो रहे साकार



**रायगढ़, 31 जनवरी।** रायगढ़ विकासखंड के ग्राम-रेगड़ा के किसानों को शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था से प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। ग्राम रेगड़ा के किसान भुवनेश्वर पटेल ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अपना संपूर्ण धान समर्थन मूल्य पर विक्रय कर लिया है। उन्होंने 180 क्विंटल से अधिक धान का विक्रय किया, जिसकी राशि उनके खाते में समय पर प्राप्त हो चुकी है। भुवनेश्वर पटेल ने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि से वे अपने नए घर का निर्माण कर रहे हैं। धान उपार्जन केंद्र बंगुरसिया में पहुंचे किसान भुवनेश्वर पटेल ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से दो चरणों में धान विक्रय किया। पहले चरण में 62 क्विंटल एवं दूसरे चरण में 120 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया सरल रही और भुगतान भी बिना किसी परेशानी के सीधे खाते में प्राप्त हुआ। उपार्जन केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोगात्मक व्यवहार की उन्होंने सराहना की तथा शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसी तरह ग्राम रेगड़ा के एक अन्य किसान दुबे राम पटेल ने भी समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर शासन की व्यवस्था का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन के माध्यम से धान विक्रय कर भुगतान समय पर प्राप्त हुआ। धान विक्रय से मिली राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं घर की मरम्मत कार्यों में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की धान खरीदी व्यवस्था से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुविधाजनक है। किसानों ने शासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं के लिए संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि धान खरीदी प्रणाली ने उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है और उनके भविष्य के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जिला खनिज न्यास निधि से 1583 बालिकाओं का होगा एचपीवी टीकाकरण

**रायगढ़, 31 जनवरी ।** रायगढ़ जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर एक सराहनीय पहल की जा रही है। जिले के शासकीय आश्रमों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की 1583 बालिकाओं को जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के माध्यम से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) से बचाव का टीका लगाया जाएगा। यह पहल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के आश्रमों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत अधिकांश बालिकाएँ वनांचल, खनन प्रभावित एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से आती हैं, जहाँ स्वास्थ्य जागरूकता तथा निवारक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य इन बालिकाओं को समय रहते आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग की छात्रावासीन बालिकाएँ भी लाभान्वित होंगी।

चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार, महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का प्रमुख कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण है। यह रोग प्रारंभिक अवस्था में स्पष्ट लक्षण न होने के कारण देर से पहचान में आता है, जिससे उपचार जटिल हो जाता है। विशेषज्ञों द्वारा 9 से 14 वर्ष की आयु में एचपीवी टीकाकरण को प्रभावी एवं सुरक्षित माना गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बालिका को एचपीवी टीके की दो खुराक दी जाएंगी। पहली खुराक के छह माह पश्चात दूसरी खुराक दी जाएगी। टीकाकरण कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पूरी सुरक्षा एवं सावधानी के साथ संपन्न कराया जाएगा। प्रति बालिका टीकाकरण की अनुमानित लागत लगभग 1800 रुपए होगी, जिसका वहन जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से किया जाएगा। आश्रमों एवं छात्रावासों में निवासरत अनेक बालिकाएँ ऐसी पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हैं, जहाँ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, नियमित जांच एवं निवारक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव रहा है। विशेषकर वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोगों के प्रति जानकारी की कमी एक बड़ी चुनौती रही है। यह पहल खनन प्रभावित एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवासरत बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी और दूरदर्शी कदम सिद्ध होगी। मातृ शक्ति की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु किया जा रहा यह प्रयास न केवल रायगढ़ जिले, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनेगा।

### अंतिम दिन तक सुव्यवस्थित पारदर्शी धान खरीदी

**महासमुंद 31 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-2 अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी के अंतिम दिन भी खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रही।धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सभी नोडल अधिकारियों, सहकारी समिति प्रबंधकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को सतत निगरानी एवं नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। निरंतर निगरानी, समन्वय एवं सक्रियता के चलते जिले में धान खरीदी किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी में दो युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 31 जनवरी।** भिलाई एक नाबालिग के साथ पिछले आठ साल से सामूहिक दुष्कर्म हो रहा था मामले की शिकायत महिला थाने पहुंचने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं चार फरार आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। पकड़े गए आरोपियों में विजय स्वाइन ( 37 साल ) निवासी दुर्गा नगर पश्चिम भिलाई और अनिल चौधरी ( 60 साल ) निवासी जोन वन खुर्सीपार हैं पुलिस के मुताबिक 30 जनवरी को पीड़िता अपनी माता के साथ थाना पहुंची और लिखित आवेदन प्रस्तुत की। आवेदन में उल्लेख किया गया कि अप्रैल 2018 से अक्टूबर 2025 की अवधि के दौरान पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी होते हुए भी कुल 6 आरोपियों द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म एवं सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं की जाती रही प्राप्त रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक पंजीबद्ध कर धारा 65(1), 70(2) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 6, 12 के अंतर्गत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी विजय स्वाइन और अनिल चौधरी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है शेष आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है

# मोहारा जल संयंत्र गृह के 27 एवं 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट की होगी सफाई

**राजनांदगांव 31 जनवरी।** नगर पालिक निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व टंकी सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने शहर के सभी पानी टंकियो की सफाई के साथ साथ मोहारा जल संयंत्रगृह के सभी प्लांटो के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराने के निर्देश दिये थे। निर्देश के अनुक्रम में जल संयंत्रगृह के फिल्टर प्लांटो का सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है।फिल्टर प्लांट सफाई के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि महापौर के निर्देशानुसार मोहारा फिल्टर प्लांट के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। सफाई की कडी में कल दिनांक 2 फरवरी 2026 सोमवार को 27 एवं 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट का सी.एल.एफ. एवं सम्पवेल सफाई कार्य कराया जाना है। जिसके कारण 27 एवं 10 एम.एल.डी. प्लांट से भरने वाले उच्च स्तरीय इंदिरा नगर टंकी से दिनांक 2 फरवरी सोमवार की शाम पानी सप्लाई बाधित रहेगी, दिनांक 3 फरवरी 2026 मंगलवार सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**रायगढ़, 31 जनवरी ।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिले में ÷स्पर्श कुष्ठ जन जागरूकता अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक जिले एवं सभी विकासखंडों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना, रोगियों के प्रति भेदभाव समाप्त करना तथा उनकी गरिमा सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड पुसौर में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा एवं उनकी टीम द्वारा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. विनोद नायक, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां जागरूकता रैली निकालकर कलेक्टर के संदेश का वाचन किया गया तथा उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति भेदभाव न करने एवं जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय, पुसौर में विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

### रायगढ़ में रैली, मेडिकल कॉलेज में रोगियों का सम्मान

रायगढ़ शहरी क्षेत्र में भी कुष्ठ जागरूकता रैली आयोजित की गई। वहीं मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुष्ठ रोगियों को विकृति से बचाव, समय पर उपचार एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर 30 कुष्ठ रोगियों को आमंत्रित कर उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन एवं जिले के चर्म रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### टीईटी परीक्षा 1 फरवरी को

**रायगढ़, 31 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आगामी 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त परीक्षा के लिए जिला रायगढ़ में प्रथम पाली हेतु 30 परीक्षा केंद्र एवं द्वितीय पाली हेतु 47 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगी, जिसके लिए परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से प्रारंभ होगी तथा परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार अपरान्ह 2.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर कम से कम 2 घंटे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा समय का विशेष ध्यान रखें। निर्धारित समय के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा शाखा के नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाह वाले कपड़े पहनकर आए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतार कर जांच करना होगा।

### शहीदों की स्मृति में जिला कलेक्ट्रेट में मौन कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़, 31 जनवरी ।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में आज जिला कलेक्ट्रेट, रायगढ़ में मौन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार हमारे जीवन और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम और सेवा जैसे उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्श न केवल हमें प्रेरित करते हैं, बल्कि एक समरस, शांतिपूर्ण और नैतिक समाज के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।शासन के निर्देशानुसार आज प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, श्रीमती पूजा बंसल सहित जिला कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सः रायगढ़ में मशाल गौरव रथयात्रा का स्वागत



**रायगढ़, 31 जनवरी ।** रायगढ़ जिले में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार-प्रसार एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई मशाल गौरव रथ यात्रा का उत्साहपूर्वक और भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में 14 फरवरी से आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स को लेकर प्रदेशभर में यह रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो विभिन्न जिलों का भ्रमण कर युवाओं और खिलाड़ियों में खेलों के प्रति उत्साह जगा रही है।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि सेंट जेवियर स्कूल बोईरदादर, रायगढ़ में खेलो इंडिया मशाल रैली रथ एवं खेलों के शुभंकर मोर वीर का विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री मंगल साय तिर्की, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने तालियों और नारों के साथ रथ यात्रा का अभिनंदन कर खेलों के प्रति अपना उत्साह प्रकट किया। विद्यालय कार्यक्रम के पश्चात् मशाल गौरव रथ रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर पहुँचा, जहाँ खिलाड़ियों ने खेलों के शुभंकर मोर वीर का उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान खिलाड़ियों से परिचय कराया गया तथा उन्हें खेलों के महत्व, अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह मषाल गौरव रथ यात्रा पूरे प्रदेश में भ्रमण कर युवाओं और खिलाड़ियों को खेलों के प्रति जागरूक कर रही है एवं उन्हें खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित कर रही है। यह यात्रा प्रदेश में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान से बच्चों में जगी वैज्ञानिक सोच



**रायगढ़, 31 जनवरी।** बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा एवं नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत रायगढ़ जिले के प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित जिला स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.वी.राव एवं जिला मिशन समन्वयक श्री आलोक स्वर्णकार के समन्वय में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व एपीसी श्री अभय कुमार पांडे ने किया। समग्र रूप से यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में ज्ञान संग्रह, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचारी सोच और आत्मविश्वास विकसित करने में पूर्णतः सफल रहा तथा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के उद्देश्यों को साकार करता प्रतीत हुआ।

भ्रमण के दौरान डीएमसी श्री आलोक स्वर्णकार स्वयं मेडिकल कॉलेज पहुँचे और बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें डायरी एवं पेन प्रदान किए, ताकि वे दिनभर के अनुभवों, गतिविधियों और सीख को अंकित कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को भ्रमण का भरपूर आनंद लेने, मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों से जानकारी एकत्र करने तथा यह समझने के लिए प्रेरित किया कि यह ज्ञान उनके भविष्य में किस प्रकार के अवसर प्रदान कर सकता है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की अवधारणा, विज्ञान विषयों के महत्व तथा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बच्चों को ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, ब्लड बैंक सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओपीडी का अवलोकन कराया गया। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट श्री आनंद मसीह लकड़ा के मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा की प्रक्रिया, डॉक्टर बनने की तैयारी तथा चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों से अवगत कराया। आयोजकों द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन, डॉक्टरों एवं स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में विद्यार्थियों ने रायगढ़ जिले के पुरातात्विक स्थलों का अवलोकन कर क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को जाना। इसके अतिरिक्त पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों को विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, सेंसर एवं नवाचार आधारित गतिविधियों की जानकारी दी गई, जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच और नवाचार के प्रति रुचि विकसित हुई। बच्चों ने कमला नेहरू पार्क में आनंददायक समय बिताया तथा बाबा धाम कोसमनारा में दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव भी प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से जिले के विभिन्न विकासखंडों के लगभग 100 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में बीआरसी श्री मनोज अग्रवाल, व्याख्याता श्री बीर सिंह, श्री प्रकाश कुमार पंडा, श्री खगेश्वर साहू, सुश्री अंजलि तिर्की एवं सुश्री पार्वती पटेल का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे सिरपुर महोत्सव का शुभारम्भ

**रायपुर, 31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में 1 फरवरी से 3 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ 1 फरवरी 2026 को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को महोत्सव में शामिले होने आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल करेंगे।

उद्घाटन अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी श्री दयाल दास बघेल, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना श्री संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी श्री द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली श्रीमती चातुरी नन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद श्री निखिल कांत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बागबाहरा श्रीमती खिलेश्वरी बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा श्री केशव नायकराम चंद्राकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरायपाली श्रीमती सरस्वती चन्द्र पटेल (मीलू), जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्रीमती उषा धृतलहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना डॉ. खुशबू अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसना श्रीमती डिलेश्वरी निराला, नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्री देवेश निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली श्रीमती लक्ष्मी पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव श्री बलरामकांत साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड संघ श्री इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती दशरी ध्रुव एवं भारत स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष श्री येतराम साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

सिरपुर महोत्सव का समापन समारोह 3 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुन्द श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना श्री संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी श्री द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली श्रीमती चातुरी नन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद श्री निखिल कांत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बागबाहरा श्रीमती खिलेश्वरी बघेल, जनपद पंचायत बागबाहरा श्री केशव नायकराम चंद्राकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरायपाली श्रीमती सरस्वती चन्द्र पटेल (मीलू), जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्रीमती उषा धृतलहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना डॉ. खुशबू अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्रीमती डिलेश्वरी निराला, नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्री देवेश निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली श्रीमती लक्ष्मी पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड संघ छत्तीसगढ़ श्री इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती दशरी ध्रुव तथा जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड संघ श्री येतराम साहू तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

सिरपुर में आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन एवं सिरपुर साडा द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन महासमुंद एवं सिरपुर साडा द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता करें।

## एक नजर

### ज्ञान का उपयोग देश एवं समाज के लिए होना चाहिए: राज्यपाल

**रायपुर, 31 जनवरी।** राज्यपाल श्री रमेन डेका श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर 53 शोधार्थियों को पी.एच.डी उपाधि, 19 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक सहित 1448 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लेखक कवि और गीतकार श्री रामेश्वर वैष्णव तथा हिन्दी व छत्तीसगढ़ी के प्रसिद्ध नाट्य कलाकार व लेखक श्री विजय मिश्रा को श्री डेका ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान का उपयोग केवल अपने हित के लिए नहीं बल्कि देश व समाज के हित के लिए होना चाहिए। इंटरनेट के युग के आज के विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं सब कुछ इंटरनेट पर उपलब्ध है। उन्हें लगता है कि इंटरनेट नहीं है तो दुनिया में कुछ नहीं है। श्री डेका ने कहा कि हम सदियों से देख रहे है कि सूर्य पूर्व से उगता है और पश्चिम में डूबता है। यह पृथ्वी में सबकुछ स्थिर गति से हो रहा है। लेकिन मानव की जीवन प्रद्धति में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। सभी सफल होने के दौड़ में लगे हुए हैं। श्री डेका ने कहा कि सफल व्यक्ति ही खुश रहता है यह सोच सही नही हैं। प्रसन्नता के लिए जीवन में संतोष होना आवश्यक है। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने कहा था कि शिक्षा तथ्यों को सिखना नहीं है बल्कि मन को सोचने के लिए प्रशिक्षित करना है। इसलिए आपकी भविष्य की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि आप कैसे सोचते है और कैसे कार्य करते हैं। सफलता, असफलता जीवन के दो पहलू है। असफलता से निराश नहीं होना है, सीख लेकर आगे बढ़ना है।

### जल जीवन मिशन से बदली ग्राम गुण्डरदेही की दिशा और दशा

**रायपुर, 31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ने ग्रामीण अंचलों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। इसका उदाहरण छुरिया विकासखंड अंतर्गत 1021 की जनसंख्या वाले ग्राम गुण्डरदेही में देखने को मिल रहा है, जहां वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। ग्राम गुण्डरदेही में जनसंख्या वृद्धि के साथ जल स्रोतों पर दबाव बढ़ने से विशेषकर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। महिलाओं को पानी की व्यवस्था के लिए प्रतिदिन घंटों संघर्ष करना पड़ता था। इस स्थिति को देखते हुए शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ किया गया। सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संरचनाओं का निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, जल भंडारण व्यवस्था विकसित की गई तथा 222 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए। इसके माध्यम से ग्राम के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से ग्रामवासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। महिलाओं का समय बचने से वे परिवार, आजीविका एवं अन्य रचनात्मक कार्यों में अधिक समय दे पा रही हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण, पेयजल गुणवत्ता तथा नल कनेक्शन के रख-रखाव के संबंध में जागरूक किया गया, जिससे ग्राम में जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना विकसित हुई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ग्रामीणों के समन्वय से जल व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखा जा रहा है। सरपंच श्रीमती उमा सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन से हर घर नल से जल उपलब्ध होने के कारण ग्रामीणों का जीवन सरल हुआ है।

### भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव 31 जनवरी।** शहीद दिवस पर कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट परिसर में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त जारी

# महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 31 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा आज जिला नारायणपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त की राशि जारी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की 68 लाख 39 हजार 592 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 641 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने राशि का अंतरण करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम मिला है।




उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया था। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 21 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

योजना के शुभारंभ से अब तक 23 किस्तों के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को कुल 14 हजार 954.42 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है। यह व्यवस्था वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हो रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 24वीं किस्त के रूप में 641.34 करोड़ रुपए की राशि जारी किए जाने के पश्चात महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कुल वितरित राशि बढ़कर 15 हजार 595.77 करोड़ रुपए हो जाएगी। यह राज्य सरकार की महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा यह प्रमाणित करती है कि योजना से प्रदेश की लाखों महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रही हैं। नारायणपुर जिले में महतारी हितग्राहियों की संख्या 27 हजार 272 है। इन हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 72 लाख 72 हजार रुपए अंतरित किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मितानों से नहीं हेलमेट से बचेगी जान: आहूजा

**रायपुर 31 जनवरी।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर रायपुर शहर के आउटर में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है। आहूजा ने कहा है कि रायपुर शहर अब महानगर बनने जा रहा है शहर में लोग धीरे गाड़ी चलाते है परंतु आउटर में युवा वर्ग बहुत तेज गाड़ी चलाते है। आपने जनता को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनकर स्कुटर चलाई। आपसे 5 साल पहले भूपेश बघेल ने भी जनता को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनकर स्कुटर चलाई थी तथा 10 साल पहले रमन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए हेलमेट पहनकर स्कुटर चलाई थी। आप तीनों ने जनता को जागरूक करने का प्रयास किया। लेकिन जनता के कान में जूँ भी नहीं रेंगी जनता ऐसी है जो केवल कड़े नियम लगाने पर ही हेलमेट पहनेगी। बहुत पहले चाणक्य ने कहा था कि इस देश का दुर्भाग्य है कि नगर को स्वच्छ रखने के लिए भी कानून बनाने पड़ते है जनता स्वयं स्वच्छता नहीं रखती इससे आपको समझ जाना चाहिए कि जब तक शासन की ओर से आउटर में हेलमेट अनिवार्य नहीं किया जायेगा तब तक जनता हेलमेट नहीं पहनेगी। हमने रायपुर के प्रभारी मंत्री व परिवहन मंत्री केदार कश्यप को भी आउटर में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए पत्र लिखा है लेकिन वे भी मुख्यमंत्री की ओर इस कार्य हेतु देख रहे है।



एक समाचार पत्र में केदार कश्यप ने कहा है कि मेरा भतीजा जिसकी अकाल मृत्यु पिछले दिनों मोटर सायकल चलाते हो गई थी। यदि हेलमेट लगाया होता तो वह आज जिंदा होता इस बात से केदार कश्यप का दर्द झलक रहा इससे आप अंदाजा लगाकर शीघ्र रायपुर शहर के आउटर में हेलमेट लगाने का कानून जारी करें तभी लोगों की जान बच सकती है। आपने जो मितानों की घोषणा की है वे केवल एक्सीडेंट के बाद घायल को अस्पताल पहुंचा सकते है। एक्सीडेंट से मृत्यु से नहीं बचा सकते। मृत्यु से सिर्फ हेलमेट बचा सकता है।

2023 से 2025 तक एक्सीडेंट व मृत्यु के आंकड़े एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुए है। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ही आंकड़ें जारी करते हुए सभी राज्यों के परिवहन मंत्रियों से हेलमेट लगाने का आदेश जारी करने का अपील की है फिर भी हेलमेट अभी तक अनिवार्य न किया जाना उनके आदेश का भी उल्लंघन हो रहा है। आपने प्रदेश में बहुत अच्छे अच्छे कार्य किये है यह भी एक अच्छा कार्य कर दीजिए तो जो हजारों युवाओं की अकाल मृत्यु हेलमेट नहीं लगाने से हुई है उनके परिवार के लोगों आपको दुआ देगें।

# सुदूर वनांचलों को मिली कनेक्टिविटी की नई ताकत



**मुख्यमंत्री बस सेवा के तहत दूरस्थ अंचल के लोगों को मिल रही परिवहन सुविधा**

**रायपुर, 31 जनवरी।** राज्य के दूरस्थ और सीमांत जनजातीय अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री बस सेवा अब नारायणपुर जिले में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले के प्रवास के दौरान कुरूसनार से लगभग 4 किमी तक ग्रामीणों के साथ बस में यात्रा की।

मुख्यमंत्री का बस सेवा से सफर करना इस योजना की विश्वसनीयता और जनोन्मुखी सोच को रेखांकित करता है। उन्होंने अपने सह यात्रियों से अब इस नक्सल प्रभावित इलाके में बस सेवा शुरू होने से हुए फायदों के बारे में भी ग्रामीणों से पूछा। मुख्यमंत्री का यह दौरा और बस सेवा से किया जाने वाला सफर नारायणपुर जिले में विकास, विश्वास और सुशासन की दिशा में एक सशक्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान में नारायणपुर जिले में मुख्यमंत्री बस सेवा के अंतर्गत चार बसें संचालित की जा रही हैं, जिनमें से तीन बसें नियद नेल्ला नार मार्गों पर नियमित परिवहन सेवाएं प्रदान कर रही हैं। ये बसें उन क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा उपलब्ध करा रही हैं, जो बीते एक दशक से माओवादी उग्रवाद के कारण सार्वजनिक परिवहन से लगभग वंचित रहे थे।

पहला मार्ग नारायणपुर-नेलंगूर का है, जिसके अंतर्गत डूमरतराई, कुकडाझोर, आंकाबेडा, कस्तूरमेटा, मोहंदी, कोडलियार, कुतूल, बेडमाकोटी तथा नेलंगूर ग्राम लाभान्वित हो रहे हैं। दूसरा मार्ग नारायणपुर-कुतूल का है, जिसमें कच्चापाल, कोडलियार एवं कुतूल के साथ कुरूषनार, बासिंग, कुन्दला, कोहकामेटा और इरकभट्टी ग्रामों को परिवहन सुविधा मिल रही है। तीसरा मार्ग नारायणपुर-गारपा का है, जिससे कुरूषनार, बासिंग, कुन्दला, सोनपुर, मसपुर और होरादी ग्राम लाभान्वित हो रहे हैं।

यह बस सेवा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत संचालित की जा रही है, जिसमें संचालन की जिम्मेदारी एक निजी बस ऑपरेटर को सौंपी गई है, जबकि शासन द्वारा मार्ग निर्धारण और निगरानी की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सीमांत जनजातीय समुदायों को विश्वसनीय, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना, सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना तथा क्षेत्र में आवागमन और कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के जीवन में नई शुरुआत की पहल

**रायपुर,31 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को सम्मानजनक जीवन प्रदान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए व्यावहारिक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सुकमा जिला प्रशासन द्वारा आत्मसमर्पित युवाओं के पुनर्वास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक पुनर्स्थापन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर श्री अमित कुमार के निर्देशन में एसबीआई–आरसेटी के माध्यम से 30 आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए राजमिस्त्री (मेसन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम न केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, बल्कि हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और विकास का रास्ता अपनाने वाले युवाओं के जीवन में नई आशा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन का आधार बन रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को आवास निर्माण की आधुनिक तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य, भवन संरचना की समझ, निर्माण सामग्री के समुचित उपयोग, लागत नियंत्रण तथा कार्यस्थल सुरक्षा से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान दिया जा रहा है।

# आधुनिक घोटुल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ेगा: साय

**रायपुर, 31 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने दो दिवसीय नारायणपुर प्रवास के दौरान आज 'गढ़बेंगाल घोटुल' पहुंचकर बस्तर की गौरवशाली परंपराओं और लोक-संस्कृति के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस मौके पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि और ग्रामीणों के आत्मीय स्वागत के बीच मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं लोक-रंग में रंगे नजर आए।



मुख्यमंत्री श्री साय ने घोटुल की अनूठी स्थापत्य कला का अवलोकन किया और बस्तर की विभूतियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि घोटुल प्राचीन काल से ही आदिवासी समाज के लिए शैक्षणिक एवं संस्कार केंद्र रहा है। चेंद्रु पार्क के समीप स्थित यह आधुनिक घोटुल न केवल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ेगा, बल्कि देश-दुनिया के पर्यटकों को भी आदिवासी जीवनशैली और सामाजिक व्यवस्था से परिचित कराने का सशक्त माध्यम बनेगा। गढ़बेंगाल का यह घोटुल हमारी गौरवशाली विरासत को सहेजने का प्रतीक है। हमारी सरकार बस्तर की इस अनूठी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान को संरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने घोटुल परिसर के लेय्योर एवं लेयोस्क कुरमाः युवाओं और युवतियों के लिए निर्मित कक्षों के साथ ही बिडार कुरमाः पारंपरिक वेशभूषा, प्राचीन वाद्ययंत्र एवं सांस्कृतिक सामग्रियों का संग्रह का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों की आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सगा कुरमा में बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेकर क्षेत्र की खान-पान संस्कृति का सम्मान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के भोजन में विशेष रूप से भोजन गाटो-भात, कोदो-भात, उड़िद दार, हिरुवा दार, जीरा भाजी, कनकी पेज, भाजी घिरोल फुल, चाटी भाजी, कांदा भाजी, मुनगा भाजी, इमली आमट, मड़िया पेज, टमाटर चटनी, चिला रोटी, रागी कुरमा, रागी केक, रागी लड्डू, रागी जलेबी परोसा गया।

इस दौरान वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष श्री रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम, पद्मश्री श्री पंडीराम मंडावी, लोककलाकार श्री बुटलू राम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्रीमती संध्या पवार ने साथ बैठकर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने इस प्रवास को केवल एक औपचारिक दौरा न रखते हुए इसे एक आत्मीय मिलन का रूप दिया। क्षेत्र की महान प्रतिभाओं - वैद्यराज पद्मश्री हेमचंद मांझी, पद्मश्री पंडीराम मंडावी और सुप्रसिद्ध लोक-कलाकार बुटलू राम से भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने टाइगर ब्वॉय चेंदरू के परिवारजनो से भी मुलाकात की। वन विभाग और पद्मश्री पंडीराम मंडावी के मार्गदर्शन में निर्मित यह घोटुल पूर्णतः इको-फ्रेंडली सामग्री से बना है। मुख्यमंत्री ने घोटुल के खंभों पर की गई बारीक नक्काशी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की, जिसे स्वयं पद्मश्री पंडीराम मंडावी ने उकेरा है।

# मारपीट व चाकूबाजी के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 31 जनवरी।** दिनांक 29.01.2026 को प्रार्थी हरिशंकर सलाम सिक्यूरिटी गार्ड निवासी अंबेडकर पार्क सिक्यूरिटी गार्ड बैरक बचेली ने थाना उपस्थित आकर आवेदन प्रस्तुत किया कि दिनांक 28.01.2026 को रात्रि करीबन 10-10.30 बजे के आसपास आरोपीगण आशीष नाग, रविन्द्र निषाद, प्रवीण कर्मा एवं अन्य साथी के द्वारा जबरन बैरक के दीवाल को फांदकर बैरक अंदर घूसकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये नानचाकू से व लात घूसे से प्रार्थी को मारपीट किये जिससे प्रार्थी के सिर में चोटे आयी है तथा उसके साथी लीमदास कश्यप को थप्पड से मारपीट किये हैं के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत करने पर थाना बचेली में अपराध पंजीबद्ध कर घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया पुलिस अधीक्षक महोदय गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) किरन्दुल के मार्गदर्शन में आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर आरोपियो की पतासाजी के दौरान आरोपियो को सकुनत में जाकर हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक समय व स्थान को घटना कारित करना पाये जाने से आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में उनि- रूपेश नारंग, सउनि. गोर्वधन निर्मलकर, प्र0आर0 71 संतराम नेताम, प्र0आर0 631 मेहतुराम कोर्राम, आरक्षक हीरा कुमार रात्रे एवं राजेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।




### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के एक संविदा पद के लिए 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव 31 जनवरी।** भारत सरकार की एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत जिले में राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र संचालन हेतु एक संविदा पद (जेण्डर विशेषज्ञ, अनुसूचित जनजाति) के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक 3 फरवरी 2026 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर जिला राजनांदगांव पिन कोड 491441 में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।


**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE**
**BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 477 एवं 478 दिनांक 20.01.2026 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
जी-252606383/8 बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
**NO.021-10/PUBLICATION/454** **Korba West, dtd. 29.01.2026**
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1389/2026.

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100049170 | Deployment of One No. Vehicle Cat-SUV for LDCC System HTPS, Korba West. | 590/- | 10,578/- | 18.02.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100049172 | Work for Assistance service in office Computer Work for Various Circle of O/o Addl. C.E. (T&SS), HTPS, Korba West. | 590/- | 9,581/- | 19.02.2026 |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website – **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** 2. Quantity as per tender schedule. 3. Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
**SUPERINTENDING ENGINEER ©**
**O / o THE ADDL. CE (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST**

## एक नजर

### विस सत्र में शामिल होने कोर्ट से लखमा मांगेंगे अनुमति

**रायपुर, 31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आज केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचकर पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में करीब 50 मिनट तक लंबी चर्चा हुई। जेल से बाहर आने के बाद दीपक बैज ने लखमा की रिहाई और उनके स्वास्थ्य को लेकर बड़ा बयान दिया है।

**फरवरी में मिल सकती है जमानत:** मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए दीपक बैज ने कवासी लखमा की रिहाई को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। उन्होंने कहा हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। बहुत जल्द कवासी लखमा जी को जमानत मिलने की उम्मीद है। बैज ने दावा किया कि कानूनी प्रक्रिया जारी है और संभवतः फरवरी महीने में कवासी लखमा जेल से बाहर आ जाएंगे।

**बजट सत्र में शामिल होने की तैयारी:** दीपक बैज ने बताया कि पार्टी कवासी लखमा को विधानसभा के आगामी बजट सत्र में शामिल कराने के लिए कानूनी रास्ते तलाश रही है। हम कोर्ट के माध्यम से अनुमति मांग रहे हैं ताकि लखमा जी विधानसभा सत्र की कार्यवाही में हिस्सा ले सकें। वे जनता की आवाज हैं और सदन में उनका होना जरूरी है।

### स्कूल के विद्यार्थियों ने देखा लोकभवन

**रायपुर, 31 जनवरी।** राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर लोकभवन की गतिविधियों से जनसामान्य, विशेषकर विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से लोकभवन का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर मठपारा के 50 छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ आज लोकभवन का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने लोकभवन परिसर स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम, उदंती परिसर, कन्हार परिसर, डिस्पेंसरी उद्यान तथा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। बच्चों ने राज्यपाल से मुलाकात कर सामूहिक फोटोग्राफी कराई। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सभी विद्यार्थियों को पौधे भेंट किए गए और उन्हें घर, स्कूल तथा गांव में पौधारोपण कर उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया गया।

### महिला सेना पुलिस भर्ती रैली 23 फरवरी को

**रायपुर 31 जनवरी।** भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी (म.प्र.) में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों की चयनित महिला अभ्यर्थी भाग लेंगी।

**कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में सफल अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका:** महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के बीच ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (CEE) आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल घोषित महिला उम्मीदवारों को ही भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य चयन प्रक्रियाओं में सम्मिलित किया जाएगा।

**24 फरवरी को होगी चिकित्सकीय जांच:** भर्ती रैली के दौरान शारीरिक दक्षता एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला अभ्यर्थियों की चिकित्सकीय जांच 24 फरवरी 2026 को सेना अस्पताल, जबलपुर में कराई जाएगी। चिकित्सकीय रूप से पूर्णतः स्वस्थ पाए जाने पर ही अभ्यर्थियों का अंतिम चयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# तीन वर्षों से बिना खजांची चल रही पीसीसी

## लापता कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की कोई खोज खबर नहीं

**रायपुर, 31 जनवरी।** एक बड़ी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल पिछले तीन वर्षों से नदारद हैं और इसकी किसी को चिंता नहीं है। न तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी उनकी कोई खोज खबर ले रही है और न ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को अपने प्रदेश कोषाध्यक्ष की परवाह है। वे लापता हैं या फरार? किसी को कुछ नहीं पता। किसी भी पुलिस थाना में उनके गायब होने की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं है।

आश्चर्य की बात है कि बिना कोषाध्यक्ष के पीसीसी का आर्थिक लेन-देन तीन वर्षों से निर्बाध गति से चल रहा है। कांग्रेस के कोष में कितनी राशि जमा है, कौन निकाल रहा है, कर्मचारियों का भुगतान, अन्य खर्चे आदि का हिसाब-किताब व आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष को देना होता है। लेकिन वे तो अन्तर्ध्यान हो गए हैं। ऐसा कहा जा रहा है ईडी की कार्रवाई व गिरफ्तारी से बचने रामगोपाल अग्रवाल अज्ञातवास में चले गए हैं। उन पर आरोप है कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रीत्व काल में रामगोपाल शराब सिंडिकेट के सूत्रधार थे। नान घोटाले में भी उनके ही दिमाग से आर्थिक



प्रबंधन चल रहा था। आरोप है कि शराब की हर बोतल से अवैध वसूली की जा रही थी। शराब घोटाला नेटवर्क का मास्टर माइंड भी रामगोपाल ही था। ज्ञात हो कि जब भूपेश बघेल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे तब भी रामगोपाल कोषाध्यक्ष थे। यानी करीब एक दशक से वे इस पद पर काबिज हैं। बघेल के मुख्यमंत्री बनते ही रामगोपाल का भी राजनीतिक कद व प्रशासनिक वजन बढ़ गया था। उन्हें नागरिक आपूर्ति निगम (नान) का अध्यक्ष बनाया गया। यहां से कमीशनबाजी का दूसरा अध्याय शुरू हुआ। आरोप है राइस मिलरों को फायदा पहुंचाने रामगोपाल ने कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 रुपए से बढ़ाकर 120 रुपए कर दी थी। ईडी की जांच में यह बात सामने आई कि प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के एवज में कमीशन लिया गया।

रामगोपाल तीन वर्षों से अंडरग्राउंड हैं। उन्हें जमीन खा गई या आसमान निगल गया? ऐसा माना जा रहा है कि वे पकड़े गए तो कई चेहरे बेनकाब होंगे। कुछ कांग्रेसियों का कहना है कि वे पश्चाताप की आग में झुलस रहे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि कोषाध्यक्ष की अनुपस्थिति में प्रभारी महामंत्री के हस्ताक्षर से आर्थिक लेन-देन किया जा सकता है। रामगोपाल मूल रूप से धमतरी निवासी हैं। रायपुर में अनुपम नगर में भी उनका बंगला है। उनका कंस्ट्रक्शन व राइस मिल का कारोबार है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की बेटी रामगोपाल के बेटे के लिए ब्याही है।

चर्चा यह है भी है कि रामगोपाल की किसी घोटाले में भूमिका नहीं है। सौम्या चौरसिया की डायरी में हालांकि उनका नाम है लेकिन यह कमीशन का मामला न होकर उधारी में पैसों के लेन-देन का प्रकरण है। कहते हैं कि राजीव भवन के निर्माण में रामगोपाल ने अपनी जेब से पैसा लगया था जिसे सौम्या ने वापस किया था। अब सवाल यह है कि सौम्या के पास करोड़ों रुपए कहां से आए और उन्होंने क्यों वापस किया।

# छग कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री में विवाद : चौहान



**रायपुर, 31 जनवरी।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रायपुर पहुंचे। छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि वे राज्य में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे, किसानों से सीधा संवाद करेंगे और किसान मेलों में भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान मेला सरकार और किसानों के बीच संवाद का मजबूत पुल होता है। इस दौरान वे खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण भी करेंगे, ताकि जमीनी हकीकत को प्रत्यक्ष रूप से समझा जा सके। शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में कृषि कल्याण और पंचायत से संबंधित उच्च स्तरीय बैठक लेंगे। इस बैठक में सीएम साय विभागीय मंत्री और अफसर भी शामिल होंगे।

रायपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की अच्छी योजनाओं का भी कांग्रेस ही विरोध करती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में मनरेगा के नाम पर केवल मिट्टी खोदकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का काम हुआ, जबकि वास्तविक विकास नहीं दिखा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जी राम जी योजना के माध्यम से किसानों और मजदूरों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। योजना के तहत पंचायत स्तर पर विकास योजनाएं तैयार होंगी, जिससे गांवों के समग्र विकास को गति मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के अंदरूनी हालात पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले यहां कका और बाबा के बीच विवाद था, अब प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के बीच खींचतान चल रही है। इन दोनों की लड़ाई में कांग्रेस के कार्यकर्ता पिस रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बड़ा दावा ग्रामीण विकास के मुद्दे पर बोलते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अद्भुत कार्य हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास दिए गए। भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में ये आवास लंबित पड़े रहे। भाजपा सरकार ने 18 लाख आवास एक साथ जनता को प्रदान किए।

# रायपुर को प्राप्त होगा सिद्धि शक्ति का आशीर्वाद



**रायपुर 31 जनवरी।** सनातन धर्म में सिद्धि और उपासना का स्थान उत्कृष्ट है। राज्य की धरती को अनेक संतों ने अपने चरणार्विन्दों से पावन किया है। ऐसा ही एक विशिष्ट अवसर रायपुर को प्राप्त हो रहा है. जब देवराहा बाबा के शिष्य, धर्म एवं आध्यात्म के महायोगी सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव अपनी लम्बी भूगर्भ तपस्या पूर्ण कर सिद्धि शक्ति का महाआशीर्वाद कार्यक्रम में अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करने रायपुर पधारे है। कार्यक्रम का आयोजन विश्व धर्म चेतना मंच, रायपुर द्वारा सर्वसमाज के सहयोग से किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के इस आगमन पर उन्हें राज्य अतिथि के रूप में विशिष्ट आदर प्रदान किया है। आयोजक मंडल, सर्वसमाज के प्रतिनिधियों, राम मंदिर ट्रस्ट, रायपुर, सेवा भारती, वोलिटियरर्स आदि द्वारा कार्यक्रम की पूर्ण जोश से तैयारियां की जा रही है। सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के प्रतिबिंब सिद्धेश्वर गुरूदेव न केवल सांसारिक शिक्षा में पारंगत है. अपितु आध्यात्म के क्षेत्र में वेदों, पुराणों, उपनिषदों, आगम सहित अनेक धर्मग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त किया। अपनी कठिन साधना से अष्ट सिद्धि एवं नव निधि को प्राप्त किया है, जिसका उपयोग गुरुवर जन-कल्याण हेतु कर रहे हैं। गुरुदेव का दिव्य आशीर्वाद एवं आशीर्वचन कार्यक्रम रविवार, 1 फरवरी 2026, सायकाल 04:30 बजे से अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर में आयोजित होगा, जहां भक्त जनों को आयोजक मंडल की ओर से गुरुदेव द्वारा अभिमंत्रित रूद्राक्ष और कलावा प्रदान किया जायेगा। सभी आगंतुक दर्शनार्थियों का प्रवेश निःशुल्क है साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ, विशिष्ट अतिथि, डॉ. रमन सिह, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ः विधानसभा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में रमेश बैस, पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र पधार रहे है। श्रीमती मीनल चौबे, महापौर रायपुर नगर निगम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ आयोजक मडल ने इस दुर्लभ अवसर पर जनसामान्य से पूरे परिवार व मित्रों सहित पधारने का आग्रह किया है।

## उरला क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 31 जनवरी।** पुलिस कमीश्नर रायपुर डॉ. संजीव शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस कमीश्नर अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन में शासन की मंशानुसार अवैध शराब की तस्करी एवं खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने हेतु पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट को सघन कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 29 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई कि उरला क्षेत्रांतर्गत स्थित पाल होटल के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर एवं सहायक पुलिस आयुक्त उरला सुश्री पूर्णिमा लामा द्वारा थाना प्रभारी उरला को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सेवक लाल धनकर एवं तिलक जंघेल, निवासी उरला, रायपुर बताया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक बोरी में रखी शराब बरामद की गई। आरोपियों से शराब रखने एवं बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेजों की मांग करने पर वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके तथा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास करते रहे। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 92 पौवा देशी शराब एवं बिक्री रकम कीमती लगभग 10,000/- जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 28/26, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## एजेंसी दिलाने के नाम पर सराफा कारोबारी से 28 लाख की ठगी

**रायपुर, 31 जनवरी।** दोपहिया ई वाहन की एजेंसी दिलाने के नाम पर शहर के सराफा कारोबारी से 28 लाख रुपए ठग लिए। यह वसूली छमाह के दौरान की और 27 माह से वापस न करने पर पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

कोतवाली पुलिस के अनुसार के के ज्वेलर्स बुढ़ापारा का संचालक रूपेश सोनी ने ढाई वर्ष पहले मई 23 में ई बाइक की एजेंसी लेने की योजना बनाई थी। उसने पंकज कुमार जैन और सागर प्रकाश सिक्के से संपर्क किया। दोनों ने सहमति दी और सुरक्षा निधि के नाम पर मई से अक्टूबर 23 के बीच अलग अलग डेट पर 20 लाख रुपए रूपेश से लिए।और अब तक एजेंसी नहीं दिलाई। न रकम वापस कर रहे। रूपेश ने कल रात कोतवाली में धारा 420,34 के तहत मामला दर्ज कराया।

## 3 फरवरी से भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुरू होगा सहयोग केन्द्र

**रायपुर, 31 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आगामी 3 फरवरी से सहयोग केंद्र पुनः शुरू होगा। आगामी 3 फरवरी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय रहेंगे। 4 फरवरी को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल सहयोग केंद्र में समस्याएँ सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी रहेंगे। प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन आगामी 5 फरवरी को सहयोग केंद्र में प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन के साथ उपस्थित रहेंगे। 6 फरवरी को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू उपस्थित रहेंगीं।

### कल से 15 दिनों तक नहीं खुलेंगे शराब दुकानें, मांस-मटन के लिए भी जाना होगा दूसरे शहर

# कुंभ अवधि में आदेश उल्लंघन पर सख्त होगी कार्रवाई

**रायपुर, 31 जनवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेले के दौरान प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य शासन एवं कलेक्टर गरियाबंद द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुंभ अवधि के दौरान राजिम क्षेत्र में मांस-मटन एवं शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी आदेश के तहत 1 फरवरी से 15 फरवरी तक राजिम क्षेत्र की सीमा में मांस-मटन की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। वहीं श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक मर्यादा को ध्यान में रखते हुए राजिम, गोबरा नवापारा और मगरलोड क्षेत्र की सभी शराब दुकानें भी इस अवधि में बंद रहेंगी।

इस संबंध में राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या व्यापारी आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों और व्यापारियों से राजिम कुंभ कल्प के दौरान सहयोग करने और धार्मिक भावनाओं का सम्मान बनाए रखने की अपील की है।



#### सीएम से मिले मंत्री राजेश अग्रवाल

छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिष्टाचार भेंट कर राजिम कुंभ कल्प 2026 के लिए उन्हें आमंत्रित किया। यह भेंट मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई, जहां मंत्री राजेश अग्रवाल ने इस भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियों और महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर क प्रमुख प्रतीक है। यह कुंभ मेला परंपरा से प्रेरित विशाल स्नान पर्व है, जिसमें लाखों भक्तगण भाग लेते हैं। वर्ष 2026 का यह कल्प विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह राज्य की पर्यटन क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने का अवसर प्रदान करेगा। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान पारंपरिक स्नान, धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक उत्सव आयोजित किए जाएंगे, जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगे।

# महिलाओं की टीम ने खेला क्रिकेट

**रायपुर, 31 जनवरी।** अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा राजधानी रायपुर शहर में पहली बार अग्र महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन 18 जनवरी को पाम बेलीजियो के टर्फ 71 स्काई स्पोर्ट्स क्लब में अग्रवाल सभा के मार्गदर्शन में किया गया।

अग्रवाल महिला मंडल की मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के 19 मोहल्ले में से महिला मंडल की आठ टीम बनी जिसमें रामसागरपारा पावर पैक्स, समता सुपर क्वींस, गुढ़ियारी द फीयरलेस इलेवन, रॉयल क्वीन, थंडर क्वीन, वंडर वूमेन, अवंती स्ट्रिकर्स, बाउंड्री ब्रेकर, महिलाओं की टीम बनी. समता सुपर क्वीन्स की कैप्टन मधु अग्रवाल एवं आरती गुप्ता मोदी ने पूरी टीम को बधाई दी अपनी टीम



की जीत का श्रेय अपने कोच अमित अग्रवाल को दिया जिन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से सभी को क्रिकेट खेलना सिखाया टीम की सभी खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार बैटिंग एंड फील्डिंग की.

**परवाह** | **चिकित्सकों से घायलों के उपचार की स्थिति की जानकारी ली**

# घायल जवानों से अस्पताल में मिले उप मुख्यमंत्री

**रायपुर, 31 जनवरी।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार शाम रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्रेगुट्टा पहाड़ी में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के उपचार की स्थिति की जानकारी ली तथा जवानों के परिजनों से भी चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने घायल जवानों से घटना की जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिए कि जवानों के बेहतर एवं समुचित उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ।

उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में तैनात हमारे जवान अत्यंत साहस और समर्पण के साथ देश-प्रदेश की सुरक्षा में लगे हैं, और उनका त्याग अतुलनीय है।





ज्ञात हो कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्रेगुट्टा पहाड़ी में 25 जनवरी को एक के बाद एक कुल छह आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट हुए थे। इन विस्फोटों की चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 12 जवान घायल हो गए थे। यह घटना उस समय हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम तेलंगाना सीमा से लगे कर्रेगुट्टा हिल्स क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटना के बाद सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहाँ उनका उपचार एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। इनमें से 6 जवानों को उपचार उपरांत स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि शेष जवानों की स्थिति में भी लगातार सुधार हो रहा है।

# नई भूमि गाइडलाइन से रियल इस्टेट को मिलेगी गति, जनता को मिलेगी राहत

**रायपुर, 31 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में भूमि की गाइडलाइन दरों के युक्तिकरण एवं सरलीकरण के तहत रायपुर एवं कोरबा जिलों के लिए जारी संशोधित भूमि गाइडलाइन को लेकर रियल एस्टेट क्षेत्र, स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यवसायिक संगठनों में उत्साहजनक माहौल है। नई गाइडलाइन को जनहितकारी बताते हुए छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन (क्रेडाई) सहित विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने रायपुर स्थित वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के शासकीय निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य मुलाकात की और आभार व्यक्त किया। क्रेडाई द्वारा 30 जनवरी से प्रदेश में लागू संशोधित भूमि गाइडलाइन के लिए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का सम्मान किया गया। एसोसिएशन ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर एवं आम नागरिकों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा गाइडलाइन दरों में यथार्थपरक एवं संतुलित संशोधन किया गया है। इससे प्रदेश में मकान, प्लॉट एवं अन्य अचल संपत्तियों के क्रय-विक्रय में पारदर्शिता बढ़ेगी और आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मयंक आहुजा, सचिव विक्रांत डोसी, कोषाध्यक्ष दीपक जैन सहित राज्य सलाहकार समिति के सदस्य हेमंत सेठिया, गुरुदास सत्रे, योगेश बोथरा, विनोद छिपा, मनोज महंती एवं संजय निलांजने उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नई भूमि गाइडलाइन से जमीन की दरों में संतुलन स्थापित हुआ है, जिससे आम नागरिकों, मध्यम वर्ग, किसानों एवं व्यापारियों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से आवास, व्यवसाय तथा औद्योगिक निवेश से जुड़े कार्यों में अब अधिक सुगमता और स्पष्टता आएगी। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आमजन के हितों की रक्षा करते हुए विकास को गति देना है। भूमि गाइडलाइन का निर्धारण व्यापक विचार-विमर्श, स्थानीय परिस्थितियों एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि निवेश को प्रोत्साहन मिले और जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26